

अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती अपने परिवार के साथ मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर पहुंची.

दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K K

RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-22 अंक-37 सीहोर, मंगलवार 25 मार्च 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## राज्यसभा में सरकारी टेंडरों में अल्पसंख्यक को 4 फीसदी आरक्षण देने पर हंगामा

### -नड्डा ने कहा- धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता



नई दिल्ली,(ए.)। राज्यसभा में सोमवार को कर्नाटक आरक्षण मुद्दे पर जोरदार हंगामा हुआ। दरअसल, कर्नाटक में सरकारी टेंडरों में अल्पसंख्यक ठेकेदारों को 4 फीसदी आरक्षण दिया गया है। इसे लेकर बीजेपी का कहना है कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने आरक्षण की धज्जियां उड़ा दी हैं। राज्यसभा में बीजेपी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से सफाई मांगी गई। उधर हंगामा बढ़ने पर राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई थी।हंगामे के बीच खड़गे ने कहा कि कोई भी बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान को नहीं बदल सकता। हम हर हाल में संविधान की रक्षा करेंगे। हालांकि, कर्नाटक में मुस्लिमों को आरक्षण देने पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और किरेन रिजिजू ने खड़गे से कांग्रेस का रुख साफ करने को कहा। नड्डा ने कहा कि कर्नाटक के डेप्युटी सीएम बोल रहे हैं कि इसके लिए जरूरत पड़ी तो संविधान में बदलाव करेंगे। नड्डा ने कहा कि संविधान में ये लिखा है कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता, लेकिन कर्नाटक सरकार ने ऐसा बिल पास किया है।वहीं केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि हमारे नोटिस में ये अहम मामला आया है कि कांग्रेस के एक सीनियर लीडर ने बयान दिया है कि वह संविधान में संशोधन करेंगे जिससे कि मुस्लिम समुदाय को आरक्षण दिया जा सके। ये बयान संविधान पर हमला है। हम ये बर्दाश्त नहीं करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे इस बात को स्पष्ट करें। इस मामले पर संसद में आगे भी हंगामे के आसार हैं।

### गैस एजेंसी पर फटे 350 सिलिंडर, धमाकों से दहले लोग, लपटें देख बोले- लगा ज्वालामुखी फटा



बरेली (ए.)। गांव रजऊ परसपुर के बाहर स्थित गैस गोदाम पर खड़े ट्रक में आग लगने से दहशत फैल गई। धमाकों से ट्रक के परखच्चे उड़ गए। लगभग 350 से अधिक सिलिंडर फटे हैं। घटना से दो घंटे तक दहशत का माहौल रहा। बरेली के बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के रजऊ परसपुर स्थित महालक्ष्मी गैस एजेंसी में सोमवार दोपहर भयानक हादसा हो गया। दोपहर करीब एक बजे सिलिंडरों से भरे ट्रक में आग लग गई। ग्रामीणों के अनुसार सिलिंडर फटने के बाद लगातार कई तेज धमाके हुए, जिससे आसपास का इलाका दहल गया। करीब एक घंटे तक एक-एक कर सिलिंडर फटते रहे।




समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज ने नई दिल्ली में संसद के बजट सत्र के दौरान उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

### सांसदों के वेतन और भत्ते में 24 प्रतिशत की वृद्धि, पेंशन भी बढ़ी; केंद्र ने जारी की अधिसूचना

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार ने सांसदों की सैलरी बढ़ा दी है। सरकार ने इसको लेकर अधिसूचना भी जारी कर दी है। केंद्र सरकार ने संसद सदस्यों और




पूर्व सांसदों के वेतन, दैनिक भत्ते, पेंशन और अतिरिक्त पेंशन में आधिकारिक तौर पर वृद्धि की अधिसूचना जारी की है। केंद्र सरकार ने सांसदों के वेतन में 24 प्रतिशत की वृद्धि को अधिसूचित कर दिया है। यह बढ़ोतरी 1 अप्रैल 2023 से प्रभावी होगी और इसे मूल्य वृद्धि सूचकांक के आधार पर तय किया गया है। संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, न केवल सांसदों के वेतन में वृद्धि की गई है, बल्कि बैठकों में भाग लेने पर मिलने वाले दैनिक भत्ते, पूर्व सांसदों की पेंशन, और अतिरिक्त सेवा वर्षों के लिए दी जाने वाली पेंशन में भी बढ़ोतरी की गई है।

### जज के घर कैश मिलने के मामले में विपक्ष ने निष्पक्ष जांच की मांग की, कहा- उनपर चले महाभियोग



नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली हाई कोर्ट के जज कथित तौर पर भारी मात्रा में कैश की बरामदगी मामले में राजनीति भी शुरू हो गई है। अब इस मामले में तमाम विपक्षी सांसदों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। इसके साथ विपक्षी सांसदों ने निष्पक्ष जांच की मांग के साथ-साथ जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग भी चलाने की मांग की है।

**14 मार्च को स्टोररूम में लगी आग के बाद मिले नोट**

बता दें कि, 14 मार्च को लुटियंस दिल्ली के पॉश इलाके में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के सरकारी आवास के स्टोररूम में आग लगने की घटना के बाद कथित तौर पर अग्निशमन कर्मियों और पुलिस कर्मियों ने नकदी बरामद की थी।

इस घटना पर संज्ञान लेते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने भारतीय मुद्रा नोटों से भरी चार से पांच अधजली बोरियां मिलने की जांच के लिए तीन सदस्यीय पैनल का गठन किया है। हालांकि, मामले में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने आरोपों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि उनके घर के स्टोर रूम में न तो उन्होंने और न ही उनके परिवार के किसी सदस्य ने कभी नकदी रखी।

### *नागपुर हिंसा:* बॉम्बे हाईकोर्ट ने दो आरोपियों के घरों को गिराने पर रोक लगाई, प्रशासन को लगाई फटकार



मुंबई (ए.)। बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने नागपुर हिंसा मामले में दो आरोपियों के घरों को गिराने की प्रशासनिक कार्रवाई पर रोक लगा दी है। अदालत ने इस मामले में प्रशासन के रवैये को मनमाना और दमनकारी बताते हुए कड़ी फटकार भी लगाई। बता दें कि, नागपुर में हुई हिंसा के बाद स्थानीय प्रशासन ने आरोपियों के घरों को तोड़ने की कार्रवाई शुरू की थी, जिसे लेकर अदालत में चुनौती दी गई थी। इस मामले की अगली सुनवाई जल्द होने की संभावना है।

**आदेश से पहले ही तोड़ा गया फहीम का घर**

हालांकि, कोर्ट का आदेश आने से पहले ही फहीम खान के दो मंजिला घर को तोड़ा जा चुका था। वहीं, कोर्ट के आदेश के बाद यूसुफ शेख के घर के अवैध हिस्से को तोड़ने की कार्रवाई रोक दी गई।

**कार्रवाई पर कोर्ट ने प्रशासन से मांगा जवाब**

वहीं फहीम खान और यूसुफ शेख ने अपने घरों की तोड़फोड़ के खिलाफ हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। इस पर जस्टिस नितिन साम्बरे और वृषाली जोशी की बेंच ने सुनवाई की। कोर्ट ने सवाल किया कि बिना सुनवाई के घरों को कैसे तोड़ा गया? फहीम खान के वकील अश्विन इंगोले ने बताया कि कोर्ट ने सरकार और नगर निगम से जवाब मांगा है और अगली सुनवाई 15 अप्रैल को होगी। अगर तोड़फोड़ अवैध पाई गई, तो नुकसान की भरपाई प्रशासन को करनी होगी।

**भारी सुरक्षा में हुई थी तोड़फोड़**

सोमवार सुबह पुलिस सुरक्षा में नगर निगम ने फहीम खान का घर गिराना शुरू किया। उनके घर को बिना इजाजत बनी अवैध इमारत बताया गया। वहीं दूसरे आरोपी यूसुफ शेख के घर का भी एक अवैध हिस्सा तोड़ा जा रहा था, लेकिन कोर्ट के आदेश के बाद कार्रवाई रोक दी गई। बता दें कि, फहीम खान माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) के नेता हैं। उन पर देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया है और वे 17 मार्च की हिंसा में शामिल 100 से ज्यादा गिरफ्तार लोगों में शामिल हैं।

## *51 घंटे लड़ी नेहा :* तीन बच्चों की चिता ठंडी भी नहीं हुई, मां ने भी छोड़ दी दुनिया; योगेश को मिला श्राप हुआ पूरा

### >> भाजपा नेता योगेश रोहिला ने शक और गुस्से में अपनी पत्नी और तीन मासूम बच्चों के सिर में गोलियां दाग दी थीं








सहारनपुर (ए.)। यूपी के सहारनपुर स्थित सांगाठेड़ा गांव में तीन बच्चों की मौत के बाद आखिरकार मां नेहा रोहिला ने भी दम तोड़ दिया। नेहा का चंडीगढ़ के अस्पताल में इलाज चल रहा था। शनिवार दोपहर भाजपा नेता योगेश रोहिला ने शक और गुस्से में अपनी पत्नी और तीन मासूम बच्चों के सिर में गोलियां दाग दी थीं। उसकी बेटी श्रद्धा (8), बेटे देवांश (7) और शिवांश (4) की मौत हो गई थी, जबकि नेहा को जिला अस्पताल से गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया था। परिजनों ने उसे चंडीगढ़ के अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां डॉक्टरों ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की। उसे लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर रखा गया था और उसकी हालत स्थिर बनी हुई थी। 51 घंटे तक मौत से जूझने के बाद सोमवार शाम नेहा भी इस दुनिया को अलविदा कह गई।

**मां ने दिया था 17 साल पहले श्राप**

वारदात के बाद जब रविवार को योगेश की बहनें घर आईं थीं तो बार-बार चिल्लाकर कह रहीं थीं कि 17 साल पहले तड़पती हुई मां ने जो श्राप दिया था वह सच हो गया। मां ने कहा था कि बिल्लू (योगेश के घर का नाम) तुझे कभी शांति और सुख नहीं मिलेगा। 17 साल बाद योगेश के कुंठित दिमाग ने वह सच कर दिया। श्रद्धा, देवांश और शिवांश के शवों को देखकर उनकी बुआ सीमा और गुड्डी बार-बार बेहोश हो रही थीं। वह बार-बार कह रही थीं कि योगेश ने अपने अंहकार व शक में घर के चिरागों को बुझा दिया है।

### मणिपुर में पुलिस की कार्रवाई, पबेंई के उग्रवादियों पर हमला करने वाले मैतेई संगठन के दो सदस्य गिरफ्तार

इंफाल (ए.)। मणिपुर के पूर्वी इंफाल जिले में प्रतिबंधित यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (पंबेई) के



उग्रवादियों पर हमला करने वाले मैतेई संगठन अरंबाई टेंगोल के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों सदस्यों के पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ है। शनिवार दोपहर को अरंबाई टेंगोल के लगभग 15-20 सदस्य कोंगपाल चिंगंगबाम लेइकाई में इरेंगबाम नंदकुमार सिंह (56) के रूप में पहचाने गए यूएनएलएफ के एक उग्रवादी के घर में घुस गए थे और इंफाल घाटी स्थित संगठन के उग्रवादियों पर हमला कर दिया था। इस दौरान घर में मौजूद चार यूएनएलएफ (पंबेई) उग्रवादियों को लाठियों से पीटा गया था। दोनों पक्षों की ओर से कई राउंड फायरिंग भी हुई थी। पुलिस ने यूएनएलएफ (पंबेई) उग्रवादियों को हिरासत में ले लिया गया था। जबकि हमलावर मौके से भागने में सफल रहे थे।




## "जल पुरुष" डॉ. मोहन यादव का संकल्प हर किसान के खेत तक पानी पहुंचाना

### जन्मदिवस पर विशेष

भोपाल( निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अक्सर कहते हैं कि प्राचीन काल में भारत में पारस पत्थर हुआ करता था, जिसके स्पर्श से लोहा सोना हो जाता था। इस पारस पत्थर का काम पानी करता है जब वह सूखे खेतों पर पहुंचता है। जल के स्पर्श से खेतों में सुनहरी फसलें लहलहाती हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के देश की धरती को "शस्य श्यामला" बनाने के संकल्प से ही जुड़ा हुआ है मुख्यमंत्री डॉ. यादव का "संकल्प "हर किसान के खेत तक पानी पहुंचाना" जिससे हर खेत में सुनहरी फसलें लहलहाएं और किसान समृद्धशाली बने। इसी संकल्प को पूरा करने के लिए वे निरंतर जुटे हुए हैं और इसके परिणाम स्वरुप प्रदेश ने गत 1 वर्ष में सिंचाई के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं।पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई ने दो दशक पहले देश की नदियों को जोड़कर हर खेत तक पानी पहुंचाने का सपना देखा था, जो राज्यों के बीच जल विवाद के चलते दो दशकों से अधिक समय से ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ था। केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल जैसी महत्वाकांक्षी अंतर्राज्यीय नदी जोड़ो परियोजनाएं मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के बीच सहमति न बन पाने के कारण आगे नहीं बढ़ पा रही थीं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्र सरकार और राज्यों से निरंतर चर्चा कर इन परियोजनाओं के गतिरोध को समाप्त किया और प्रदेश ने दो बड़ी परियोजनाओं के रूप में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई जी की 100वीं जयंती पर मध्यप्रदेश आकर देश की



सिंचाई के क्षेत्र में हासिल की अभूतपूर्व उपलब्धियां

पहली नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना केन-बेतवा का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि अब महाराष्ट्र सरकार के साथ वार्ता के बाद विश्व की सबसे बड़ी ग्राउण्ड वॉटर रीचार्ज अंतर्राज्यीय संयुक्त परियोजना ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना का अवरोध दूर हो गया है। मध्यप्रदेश शीघ्र ही महाराष्ट्र सरकार के साथ इस संबंध में करार करने की ओर बढ़ रहा है। जल्द ही केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को भोपाल आमंत्रित कर करार की कार्यवाही की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कहना है कि ताप्ती मेगा रिचार्ज योजना के जरिए हम महाराष्ट्र सरकार के साथ मिलकर ताप्ती नदी की तीन धाराएं बनाकर राष्ट्रहित में नदी जल की बूंद-बूंद का उपयोग सुनिश्चित कर कृषि भूमि का कोना-कोना सिंचित करेंगे। केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना एक महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय परियोजना है, जिसमें केन नदी पर दौधन बांध एवं लिंक नहर का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। रूपये 44 हजार 605 करोड़ लागत की इस परियोजना के पूर्ण होने पर मध्यप्रदेश के सूखाग्रस्त बुन्देलखण्ड क्षेत्र के 08 लाख 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा और प्रदेश की 44 लाख आबादी को पेयजल सुविधा प्राप्त होगी। साथ ही परियोजना से 103 मेगावाट बिजली का उत्पादन भी होगा, जिसका पूर्ण उपयोग मध्यप्रदेश करेगा। इस परियोजना से मध्यप्रदेश के 10 जिले- छतरपुर, पन्ना, दमोह, टीकमगढ़, निवाड़ी, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा एवं सागर के लगभग 02 हजार ग्रामों के लगभग 07 लाख 25 हजार किसान परिवार लाभांवित होंगे। सूखाग्रस्त बुन्देलखण्ड क्षेत्र में भू-जल स्तर की स्थिति सुधरेगी। औद्योगीकरण, निवेश एवं पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। इससे स्थानीय स्तर पर लोगों में आत्मनिर्भरता आयेगी तथा लोगों का पलायन रुकेगा। परियोजना के साकार रूप लेने पर मध्यप्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी। संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल अन्तर्राज्यीय नदी लिंक परियोजना के क्रियान्वयन के लिए मध्यप्रदेश और राजस्थान राज्यों एवं केन्द्र के मध्य 28.01.2024 को त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ और दोनों राज्यों एवं केन्द्र के मध्य 05.12.2024 को जयपुर में अनुबंध सहमति पत्र (मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट) हस्ताक्षरित किया गया। परियोजना की अनुमानित लागत 72 हजार करोड़ रूपये की है।





# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्राट विक्रमादित्य के धर्म ध्वज और पुस्तिका भारत का नववर्ष - विक्रम संवत् का किया विमोचन



## 30 मार्च को गुड़ी पड़वा का पर्व सम्पूर्ण प्रदेश में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों में होगी सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य की प्रस्तुति

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले विक्रमादित्य ध्वज और पुस्तिका भारत का नव वर्ष विक्रम संवत का विमोचन कर अपने संबोधन में कहा कि संपूर्ण प्रदेश में 30 मार्च को गुड़ी पड़वा का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा, मंत्रीगण गुड़ी पड़वा पर उनके जिलों में होने वाले कार्यक्रमों में सहभागिता करें। विक्रम महोत्सव के अंतर्गत नई दिल्ली में 12-13-14 अप्रैल को विशेष आयोजन होने जा रहे हैं, जिसमें सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित महानाट्य की प्रस्तुति भी होगी। सम्राट विक्रमादित्य के व्यक्तित्व और शासन व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित महान महानाट्य की प्रस्तुति प्रदेश के प्रमुख शहरों में भी की जाएगी। इसके साथ ही सेक्टर वार होने वाली इन्वेस्टर्स समिट तथा अन्य बड़े आयोजनों के अवसर पर भी सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित महानाट्य की प्रस्तुति की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विमोचित पुस्तिका भारत का नव वर्ष विक्रम संवत के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पुस्तिका में विक्रम संवत, काल गणना की पद्धति, प्राचीन यंत्रों , वैदिक घड़ी आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रम संवत के अंतर्गत तिथियों की महत्ता, पर्व और त्योहारों के निर्धारण तथा काल गणना पद्धति पर प्रकाश डाला।

**संभागवार औद्योगिक इकाइयों के भूमि-पूजन का क्रम जारी रहेगा**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निवेश प्रस्तावों को धरातल पर मूर्त रूप देने के लिए गतिविधियां जारी हैं। इस क्रम में 21 मार्च को ग्वालियर क्षेत्र में 18 औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन किया गया। जिनमें 11 मुरैना, सात ग्वालियर और एक इकाई का भिंड में भूमि-पूजन संपन्न हुआ। इस क्रम में कल उज्जैन संभाग की 25 इकाइयों का भूमि-पूजन होने जा रहा है, जिसमें उज्जैन की 13 और संभाग के अन्य स्थानों की 12 इकाइयां शामिल हैं। संभागवार यह क्रम निरंतर जारी रहेगा ।

**614 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में होगी प्रदेश की 26वीं ओंकारेश्वर वाइल्ड लाइफ सैंच्युरी**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण तथा वन्य जीव संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है । इस क्रम में प्रदेश में दो अभयारण को मूर्त रूप देने के बाद राज्य सरकार वाइल्ड लाइफ सैंक्चूरी विकसित करने की ओर अग्रसर है। इसके अंतर्गत ओंकारेश्वर में 614 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में प्रदेश की 26वीं वाइल्ड लाइफ सैंक्चूरी विकसित की जा रही है। इस संपूर्ण क्षेत्र में कोई गांव अथवा बसाहट नहीं है। भविष्य में इसे टाइगर रिजर्व के रूप में विकसित किया जाएगा।

**सार्वजनिक स्थलों पर हो प्याऊ की व्यवस्था**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्रीष्म काल के चलते ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में पेयजल उपलब्धता की स्थिति की निरंतर समीक्षा कर आवश्यकतानुसार त्वरित रूप से उपयुक्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ के साथ-साथ पशुओं के लिए भी पीने के पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कूंए, बावड़ियों, तालाबों व अन्य जल स्त्रोतों के बेहतर रखरखाव और जल गंगा अभियान में जन भागीदारी को प्रोत्साहित करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गत दिवस ओलावृष्टि से 400 से अधिक गांवों में फसल नुकसान की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं, फसल नुकसानी का सर्वे कर शीघ्र आपदा राहत प्रदान की जाए।

## भोपाल में विश्व क्षय दिवस पर जागरुकता और स्क्रीनिंग शिविर आयोजित

भोपाल(ए.)। क्षय रोग जागरूकता के लिए आज पूरे भोपाल में कई स्थानों पर विश्व क्षय दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भोपाल जिले की समस्त शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर टीबी एवं असंचारी रोगों की स्क्रीनिंग के लिए विशेष शिविर लगाए गए । टीबी जागरूकता रैलियों, रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता, हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से टीबी के लक्षणों बचाव और उपचार के बारे में जानकारी दी गई। इस वर्ष यह दिवस ङ्खद्गह्य! We Can End TB: Commit, Invest, Deliver" की थीम पर मनाया जा रहा है। विश्व क्षय दिवस पर सोमवार को गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल क्षेत्र में श्रमिकों,उनके परिजनों एवं स्थानीय नागरिकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम एवं स्क्रीनिंग कैंप लगाया। जिसमें टीबी चैंपियन्स ने अपने अनुभव साझा किए। क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र, टीबी उन्मूलन शपथ एवं फूड बास्केट वितरण किया गया। कार्यक्रम में सी एम एच ओ भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी द्वारा टी बी उन्मूलन में किए जा रहे प्रयासों और टी बी मुक्त पंचायतों की जानकारी दी गई। शिविर में 218 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चलित मोबाइल आई टेस्टिंग यूनिट से 150 लोगों की आंखों की जांच की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी ने कहा कि क्षय उन्मूलन के लिए लक्षणों की सही समय पर पहचान कर स्वास्थ्य केंद्र में जांच करवाना बेहद जरुरी है। भोपाल की 17 ग्राम पंचायत को पिछले साल टीबी मुक्त किया जा चुका है। इस साल 77 और ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित की जा रही है। टीबी मरीजों को उपचार अवधि में 1000 रुपए प्रतिमाह की आर्थिक सहायता भी दी जा रही है।भोपाल जिले में नोटिफिकेशन, निक्षय मित्र चिन्हांकन एवं निक्षय पोषण योजना का विस्तारीकरण, एपिडेमियोलॉजिकल इंटरवेंशन, निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के साथ सपोर्ट सिस्टम, निक्षय पोर्टल प्रविष्टि इत्यादि की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। टीबी उन्मूलन हेतु मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा 100 दिवसीय निक्षय अभियान की शुरुआत की गई है। उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल की अगुवाई में टीबी उन्मूलन के प्रयासों को और तेज गति से क्रियान्वित किया जा रहा है। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में भोपाल जिले द्वारा उल्लेखनीय कार्य करते हुए प्रदेश में सर्वाधिक मरीजों को चिह्नित किया गया है। साल 2024 में भोपाल में कुल 13336 मरीजों को चिह्नित कर उपचार दिया गया है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के रेवती रेंज में बीएसएफ की शस्त्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# चर्च से लौट रही युवती की तेज रफ्तार स्कूटी बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराई

## नर्सिंग छात्रा की मौत,दो घायल

भोपाल(ए.)। राजधानी के गांधी नगर थाना इलाके में बीती रात हुए सड़क हादसे में नर्सिंग की एक छात्रा की मौत हो गई, वहीं उसके साथ मौजूद दो सहेलियां गंभीर रूप से घायल हो गईं जिनका उपचार जारी है। बताया गया है कि हादसे के समय छात्रा अपनी सहेलियों के साथ चर्च से प्रेयर कर वापस लौट रही थीं। तीनो एक ही स्कूटी पर सवार थी, अचानक उनका तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर बने डिवाइडर से भिड़ गई। उन्हें इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया गया जहां कुछ घंटे चले इलाज के बाद एक युवती ने दम तोड दिया। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शानी मैथ्यू (23) चिरायु मेडिकल कॉलेज से बीएससी नर्सिंग के फोर्थ ईयर की छात्रा थी, वह वहीं से इंटर्नशिप कर रही थी। रविवार देर शाम वह अपनी दो सहेलियों सेंदल सोना और सोरिल के साथ प्रेयर के लिये जेल रोड स्थित चर्च गई थी। तीनों छात्राएं मूल रूप से केरल की रहने वाली हैं, और एक साथ ही चिरायु मैडिकल कॉलेज के में पढ़ाई के साथ हॉस्टल में रहती थीं। तीनो काफी देर रात दो पहिया वाहन से वापस लौट रही थी, इसी दौरान उनकी स्कूटी अचानक बेकाबू होकर सड़क पर बने डिवाइडर से टकरा गई। राहगीरो से मिली सूचना के बाद तीनों को एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिये नजदीक स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया गया था। वहां कुछ घंटे चले इलाज के बाद सोमवार अलसुबह शानी ने दम तोड़ दिया। एक्सीडेंट में घायल दो अन्य छात्राओं को इलाज जारी है। गांधी नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। जांच टीम का कहना है कि अभी यह साफ नहीं हो सका है, कि छात्राओं का वाहन अनियंत्रित कैसे हुआ था। फिलहाल पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक करेगी। वहीं घायल छात्राओ की हालत बेहतर होने पर उनके बयान दर्ज किये जायेगे जिसके बाद ही हादसे का कारण साफ हो सकेगा।

# क्राईम ब्रांच ने उड़ीसा से लाकर भोपाल में गांजा बेचने वाले दो को किया गिरफ्तार

भोपाल (आरएनएस)। राजधानी भोपाल में नशे का कारोबार करने वाले लोगों पर क्राइम ब्रांच भोपाल कार्रवाई करने में जुड़ गया है ऐसा ही एक मामला सामने आया है जिसमें भोपाल क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 किलो 550 ग्राम गांजा बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी उड़ीसा से गांजा लाकर भोपाल में बेचते थे और इससे बड़ा मुनाफा कमाते थे। गिरफ्तार आरोपियों में मोहम्मद अनस उर्फ दाना, जो थाना गौतम नगर का निगरानी बदमाश है और पहले से ही जिला बदर किया जा चुका था, इस नशे के कारोबार में कामना यादव उर्फ खुशी भी शामिल हैं। पुलिस ने एमपी नगर स्थित यश बैंक के सामने खाली मैदान में दबिश देकर दोनों को एक ग्रे रंग के ट्रॉली बैग के साथ पकड़ा, जिसमें तलाशी लेने पर क्राइम ब्रांच पुलिस को गांजा मिला। बताया जा रहा है कि अनस उर्फ दाना के खिलाफ कई संगीन अपराध दर्ज हैं, जिनमें लूट, मारपीट, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट के मामले शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 और म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## टीबी मुक्त भारत के लिए मध्यप्रदेश प्रतिबद्ध : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

भोपाल (ए.)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निक्षय भारत अभियान के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्यकर्मियों, निक्षय मित्रों, सामाजिक कार्यकर्ताओं की सराहना की है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मध्यप्रदेश 2025 तक टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य केवल शासकीय प्रयासों से ही संभव नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी से ही इसे साकार किया जा सकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि इस अभियान में सहयोग दें और टीबी मुक्त मध्यप्रदेश बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विश्व टीबी दिवस पर स्वास्थ्यकर्मियों, निक्षय मित्रों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों की प्रतिबद्धता और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि सबकी मेहनत और सेवा भाव से ही मध्यप्रदेश क्षयरोग उन्मूलन की दिशा में इतनी तेज गति से आगे बढ़ा है।

# ज्वेलर्स शॉप में दिन दहाड़े घुसे बदमाश ने किया लूट का प्रयास

**-दो फायर किये लेकिन फरियादी को गोली नहीं लगी, तब उसने झपट कर बदमाश को गिरा दिया**

भोपाल(ए.)। राजधानी के रोहित नगर में स्थित अक्षांश ज्वेलर्स में दोपहर के समय उस समय हड़कंप मच गया जब यहॉ घुसे नकाबपोश बदमाश ने लूट का प्रयास करते हुए पिस्टल निकालकर दहशत फैलाने के लिये दो हवाई फायर करते हुए दुकान संचालक के साथ मारपीट कर डाली। हालांकि संचालक ने साहस दिखाते हुए बदमाश का सामना करते हुए उसे पकड़ लिया जिसे बाद में पुलिस को सौंप दिया गया। घटना में मिली जानकारी के मुताबिक फरियादी मनोज जैन विष्णु हाईटेक सिटी बावड़िया में रहते है, और अक्षांश ज्वेलर्स नाम से रोहित नगर में दुकान संचालित करते है। दोपहर 12 बजे उनके साथ एक अन्य कर्मचारी दुकान में मौजूद था। दोपहर करीब बजे एक युवक चेहरे पर कपड़ा लपेटे हुए दुकान के भीतर आया और उसने सोने की चेन दिखाने को कहा। मनोज ने जब उससे



कपड़ा हटाने को कहा तब आरोपी ने पास रखी पिस्टल निकालते हुए ज्वेलरी उसे देने को कहा। फरियादी के विरोध करने पर आरोपी ने उन्हें डराने के लिये हवा में फायर किया। इसके बाद उनके चेहरे पर पिस्टल की बट मार दी। दुकान संचालक मनोज का कहना है कि आरोपी ने दुकान के काउंटर में स्थित गल्ले को खोलकर उसमें रखे रिपेयरिंग के जेवरात और नकदी निकालकर अपनी जेब में रख ली। यह देख वह काउंटर से बाहर की ओर आने लगे । तब आरोपी ने फायर किए, हालांकि । दोनों बार गोली चलने की आवाज तो आई लेकिन शायद पिस्टल से गोली निकली नहीं। इसी का फायदा उठाते हुए उन्होंने आरोपी को पकड़ने का प्रयास करते हुए उसे धक्का देकर दुकान में नीचे फर्श पर गिरा दिया यह देख फौरन ही उसका कर्मचारी भी बदमाश पर झपटा और दोनों ने मिलकर उसे पकड़ लिया। शोर मचाने पर पड़ोसी भी दुकान में आ गए। इसके बाद एक पड़ोसी दुकानदार थाने गया जहॉ से दो पुलिसकर्मी उसके साथ मौके पर आए और बदमाश को अपनी कस्टडी में ले लिया। मामले में पुलिस ने फरियादी ज्वैलर्स का मेडिकल कराने के लिये उन्हें अस्पताल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि घायल की शिकायत पर बदमाश के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार करते हुए आगे की पूछताछ की जायेगी।

## जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर एक्सप्रेस में अब 4 जनरल डिब्बे होंगे

***भोपाल मंडल के बीना, गंजबासोदा, विदिशा, भोपाल, रानी कमलापति, नर्मदापुरम स्टेशनों से होकर गुजरती है***

भोपाल (निप्र)। यात्रियों की सुविधा एवं उनकी यात्रा को अधिक आरामदायक बनाने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 12192/12191 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर एक्सप्रेस के डिब्बों के संयोजन में स्थायी परिवर्तन किया गया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि इस परिवर्तन के अंतर्गत ट्रेन से 2 शयनयान (स्लीपर) कोच हटाए गए हैं तथा इसके स्थान पर 2 सामान्य श्रेणी (जनरल) के कोच जोड़े गए हैं। इस संशोधन के बाद इस गाड़ी में 4 सामान्य श्रेणी कोच, 9 शयनयान श्रेणी कोच, 6 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी कोच, 2 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी कोच, 1 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी कोच सहित ट्रेन में कुल 24 कोच रहेंगे। यह परिवर्तन गाड़ी संख्या 12192 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस में दिनांक 26.05.2025 से एवं गाड़ी संख्या 12191 हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर एक्सप्रेस में दिनांक 27.05.2025 से प्रभावी होगा। यह बदलाव आम यात्रियों को अधिक सुविधाजनक यात्रा का अनुभव प्रदान करने के लिए किया गया है।

# 03251/03252 दानापुर-एसएमवीटी बेंगलुरु-दानापुर द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस



## भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर गुजरेगी

भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में, गाड़ी संख्या 03251/03252 दानापुर - एसएमवीटी बेंगलुरु - दानापुर द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी।

**गाड़ी संख्या 03251 दानापुर - एसएमवीटी बेंगलुरु द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस**

गाड़ी संख्या 03251 दानापुर - एसएमवीटी बेंगलुरु द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस दिनांक 26 मई 2025 तक प्रत्येक रविवार एवं सोमवार को दानापुर स्टेशन से दोपहर 15:00 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए सुबह 07:30 बजे इटारसी स्टेशन एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद तीसरे दिन दोपहर 14:30 बजे एसएमवीटी बेंगलुरु स्टेशन पहुंचेगी।

**गाड़ी संख्या 03252 एसएमवीटी बेंगलुरु - दानापुर द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस**

गाड़ी संख्या 03252 एसएमवीटी बेंगलुरु - दानापुर द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस दिनांक 28 मई 2025 तक प्रत्येक मंगलवार एवं बुधवार को रात 23:50 बजे एसएमवीटी बेंगलुरु स्टेशन से प्रस्थान कर, तीसरे दिन मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए सुबह 06:00 बजे इटारसी स्टेशन एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद तीसरे दिन रात 23:55 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी।

**गाड़ी के हाल्ट**

रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में **दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज छिवकी, सतना, जबलपुर, इटारसी जं., नागपुर जं., सेवाग्राम, चंद्रपुर, बल्हारशाह, वारंगल, विजयवाड़ा जं., गुडुर जं., पेरंबूर, कटपाडी जं., जोलारपेट्टई जं., बंगारपेट जं., व्हाइटफील्ड, एसएमवीटी बेंगलुरु पर रुकेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें। उक्त विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

## सम्पत्ति कर, जल प्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार में अधिभार में छूट

***नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने जारी किये निर्देश***

भोपाल (ए.)। नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की अवधि में सम्पत्ति कर, जल प्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार के अधिभार में उपभोक्ताओं को छूट देने का निर्णय लिया है। यह छूट उपभोक्ताओं को 31 मार्च 2025 तक ऑनलाइन भुगतान की दशा में की जायेगी। इस संबंध में विभाग ने नगर पालिक निगम, नगरपालिका परिषद और नगर परिषद को पत्र लिखकर निर्देश जारी किये हैं। आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास ने बताया कि वर्ष 2024-25 वित्तीय वर्ष की कर वसूली 31 मार्च 2025 तक ही हो सकेगी। वर्तमान में 15वें वित्त आयोग की शर्तों के अनुसार प्रतिवर्ष सम्पत्ति कर की वसूली में राज्य की ग्रास स्टेट डॉमिस्टिक प्रोडक्ट (जीएसडीपी) की औसत वृद्धि के अनुरूप वृद्धि किया जाना अनिवार्य है। इस स्थिति को देखते हुए वृद्धि न किये जाने की स्थिति में संबंधित नगरीय निकायों को 15वें वित्त आयोग के अनुदान से वंचित होना पड़ सकता है। नगरीय निकायों को अपने क्षेत्र के उपभोक्ताओं को समस्त प्रकार के करों की वसूली नियत समय में किये जाने के लिये जागरूक करने के लिये कहा गया है। नागरिक इस संबंध में विस्तृत जानकारी अपने क्षेत्र के नगरीय निकाय के वार्ड कार्यालय से भी प्राप्त कर सकते हैं।

# टीबी हारेगा, देश जीतेगा: विश्व क्षय रोग दिवस पर रेलवे में जागरुकता अभियान का सफल आयोजन

भोपाल (निप्र)। मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ अजय डोगरा के नेतृत्व में आज दिनांक 24 मार्च 2025 को विश्व क्षय रोग दिवस के उपलक्ष्य में मंडल में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**जागरूकता सभा**

मंडल रेल चिकित्सालय भोपाल के सभागृह में एक जागरूकता सभा आयोजित की गई। सभा का शुभारंभ करते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ अजय डोगरा ने टीबी मुक्त भारत के संकल्प को पूर्ण करने में जन भागीदारी की आवश्यकता एवं टीबी रोग के प्रसार को रोकने के लिए शीघ्र निदान एवं उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ पंकज महेश्वरी (वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी, पल्मनोलॉजिस्ट) ने टीबी के लक्षण, जांच, निदान एवं उपचार के विषय में विस्तृत जानकारी दी। डॉ रचना श्रीवास्तव (अपर मंडल चिकित्सा अधीक्षक, प्रशासन) ने एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी के विषय में जानकारी साझा की। डॉ श्रुति मेंढेकर (वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य) ने बताया कि यह सुनिश्चित करना हमारी सामूहिक



जिम्मेदारी है कि रोगियों के साथ भेदभाव न हो तथा उनके उपचार के दौरान पर्याप्त सामाजिक, भावनात्मक एवं पोषण संबंधी सहायता प्रदान की जाए। सभा का संचालन सहायक नर्सिंग अधिकारी श्रीमती ललिता लाल द्वारा किया गया। सभा में रेलवे चिकित्सा स्टाफ के साथ बड़ी संख्या में रेल लाभार्थी उपस्थित रहे।

**पोस्टर प्रदर्शनी**

टीबी रोग के विषय में जागरूकता बढ़ाने हेतु बाह्य विभाग परिसर में पोस्टर प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसमें टीबी के विभिन्न लक्षणों, उच्च जोखिम वाली आबादी की पहचान, उपचार एवं पोषण संबंधी जानकारी को पोस्टरों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।

**ऑडियो-वीडियो प्रस्तुति**

बाह्य रोग विभाग परिसर में ऑडियो एवं वीडियो के माध्यम से टीबी की रोकथाम एवं इलाज के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान यह संदेश दिया गया कि इस बीमारी की रोकथाम संभव है और इसका इलाज कारगर एवं सुलभ है, जिसकी सुविधा सरकार द्वारा नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाती है।

**अन्य कार्यक्रम**

उप मंडल रेल चिकित्सालय इटारसी एवं बीना तथा स्वास्थ्य केंद्र गुना, हबीबगंज में भी जागरूकता सभा एवं रेलवे कॉलोनियों में रैली का आयोजन किया गया।

**जन-जागरूकता प्रसार**

गुना एवं बीना रेलवे स्टेशनों पर पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से टीबी से संबंधित सटीक एवं संक्षिप्त जानकारी प्रसारित की गई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि भारतीय रेलवे अपने रेलकर्मियों एवं आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए समय-समय पर इस तरह के जागरूकता अभियान आयोजित करता है, ताकि समाज को स्वस्थ एवं खुशहाल बनाया जा सके।

# राजपुर के निजी गोदाम में लगी भीषण आग, अनाज और बारदान के जलने से हुआ लाखों का नुकसान

बड़वानी (ए.)। मध्यप्रदेश में बड़वानी जिले के अंतर्गत आने वाली नगर परिषद राजपुर के क्षेत्र में अनाज रखने के एक निजी गोदाम में सोमवार दोपहर भीषण आग लग गई। इस आग में गोदाम में रखी मक्का और गेहूं की फसल सहित जूट के बारदान भी जलकर खाक होने लगे।

इधर, जानकारी लगते ही तुरंत नपा के फायर फाइटर को सूचना दी गई। वहीं, मौके पर मौजूद मजदूरों और स्थानीय लोगों ने भी आग बुझाने की कोशिश शुरू की, जिसके बाद राजपुर नपा से पहुंचे दमकल वाहन से आग बुझाई जा सकी। गनीमत रही कि इस आग में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। लेकिन काफी सारी मक्का और गेहूं





की उपज का नुकसान हुआ है। फिलहाल, नुकसान का आकलन नहीं हो सका है तो वहीं आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

बड़वानी के राजपुर नगर के सनगांव रोड स्थित दशोरा ट्रेडर्स में आज दोपहर अचानक आग लग गई। निजी गोदाम में लगी इस आग में लाखों का नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि, आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। मौके पर पहुंचे दो अग्निशामक वाहनों से आग पर काबू पाया गया है। अनाज गोदाम में लगी इस आग में खाली रखे बारदान सहित अनाज के बोरे जल कर खाक हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, वक्त रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। उधर, मौके पर नगर पालिका का पूरा आमला फिलहाल मौजूद है और आग बुझने के बाद अब नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

**कड़ी मशक्कत से पाया आग पर काबू**

वहीं, मौके पर पहुंचे नगर परिषद राजपुर के सीएमओ मायाराम सोलंकी ने बताया कि राजपुर नगरीय क्षेत्र के सनगांव रोड पर दशोरा ट्रेडर्स स्थित है। जो कि गेहूं और मक्का की फसल रखने का गोदाम था। वहां पर आग लगी थी, जिसकी सूचना हमें जैसे ही मिली, हमने तुरंत ही नगर परिषद राजपुर और नगर परिषद अंजड़ से दमकल के वाहन मौके पर भिजवाए हैं। इसके साथ ही हम भी अपनी पूरी टीम के साथ यहां मौके पर राहत और बचाव कार्य के लिए मौजूद हैं और अभी कड़ी मशक्कत के बाद हमने आग पर काबू भी पा लिया है।

## ओलावृष्टि से फसल नुकसान का कांग्रेस ने लिया जायजा, प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग



उमरिया (ए.)। उमरिया में हाल ही में हुई भीषण ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। खेतों में खड़ी फसलें नष्ट हो गईं, जिससे किसान चिंतित और परेशान हैं। इस प्राकृतिक आपदा की वास्तविक स्थिति जानने के लिए कांग्रेस पार्टी ने एक विशेष टीम गठित की है। इस टीम ने शनिवार को जिले के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर प्रभावित किसानों से मुलाकात की और फसलों को हुए नुकसान का जायजा लिया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अजय सिंह के निर्देश पर यह टीम बनाई गई है, जो प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर नुकसान का आंकलन करेगी और अपनी रिपोर्ट शीर्ष नेतृत्व को सौंपेगी।

## पांच लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार, खेप खपाने के लिए इधर-उधर घूम रहा था युवक



शिवपुरी (ए.)। शिवपुरी के देहात थाना अंतर्गत पुलिस ने 25.13 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को पकड़ने की कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। देहात थाना प्रभारी रत्नेश सिंह यादव ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक युवक स्मैक की खेप लेकर उनके क्षेत्र में घूम रहा है।

इस सूचना के बाद पुलिस टीम बड़ागांव रोड पहुंची और वहां से एक युवक शिवम पाल (19) निवासी आसपुर थाना भौती को पकड़ लिया। आरोपी के पास से पुलिस ने 25.13 ग्राम स्मैक कीमत करीब पांच लाख रुपये की बरामद की है। आरोपी से पुलिस ने उसकी बाइक भी बरामद की है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से चीतल की मौत, वन विभाग ने किया अंतिम संस्कार, दमोह-कटनी स्टेट हाइवे की घटना

दमोह (ए.)। दमोह-कटनी स्टेट हाइवे पर कुम्हारी थाना क्षेत्र में रविवार रात एक अज्ञात वाहन ने चीतल को टक्कर मारकर घायल कर दिया। चीतल कुछ देर जिंदा रहा उसके बाद मौत हो गई। सोमवार सुबह वन विभाग ने चीतल का अंतिम संस्कार किया और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी।



जानकारी के अनुसार, सागौनी वन परिक्षेत्र के अंतर्गत पड़री गांव में दमोह-कटनी मुख्य मार्ग पर रविवार रात करीब आठ बजे एक चीतल को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। चीतल घायल अवस्था में सड़क पर पड़ा हुआ था। इसी दौरान दमोह से कुम्हारी लौट रहे स्थानीय युवक पवन राय की नजर चीतल पर पड़ी। उन्होंने अपने साथी की मदद से घायल चीतल को सड़क से अलग किया और शरीर पर हाथ फेरकर उसे सराहा। इसी दौरान घायल चीतल ने जंगल में छलांग लगा दी, जिसके बाद बीट गार्ड राकेश खरे और वन विभाग की टीम को सूचित किया गया। वन कर्मियों जंगल से उसका रेस्क्यू किया और उपचार के लिए ले जाते वक्त उसकी मौत हो गई। सोमवार सुबह चीतल का पोस्टमॉर्टम किया गया। सगोनी रेंजर अखिलेश चौरसिया ने बताया, पीएम रिपोर्ट में डॉक्टरों ने बताया है कि चीतल की मौत सिर में आई गंभीर चोट के कारण हुई है। चीतल का अंतिम संस्कार किया गया है।

## योग गुरु की हार्टअटैक से मौत, योग कराने के लिए जाते समय कार में हुई मौत

अशोकनगर (ए.)। शाढ़ौरा में पशु चिकित्सक डॉ. पवन सिंघल का सुबह हार्ट अटैक से निधन हो गया। वे योग कराने के लिए कार से जा रहे थे। तुलसी सरोवर पार्क के पास उनकी कार रुक गई। लोगों देखा तो उन्हें अंदर बेहोश पाया। उनका अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## *प्यार, हवस और धोखा* : शादी का झांसा देकर नर्सिंग छात्रा से दुष्कर्म, गर्भवती हुई तो मदद के बहाने जीजा ने भी किया दुष्कर्म

ग्वालियर (ए.)। एक नर्सिंग छात्रा से दोस्ती कर एक युवक ने शादी का वादा करके दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी लगातार छात्रा का शारीरिक शोषण करता रहा। इस बीच नर्सिंग छात्रा एक महीने की गर्भवती हो गई। जब उसने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने अपने जीजा से मदद मांगी। आरोपी के जीजा ने युवती को बातचीत के लिए बुलाया और उसके साथ भी दुष्कर्म किया। इसके बाद उसका गर्भपात करा दिया गया। शोषण से परेशान पीड़िता अब हजीरा थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई।

उत्तर प्रदेश के झांसी की रहने वाली 24 वर्षीय युवती हजीरा थाने पहुंची और एक




युवक और उसके जीजा पर दुष्कर्म का आरोप लगाया। पीड़िता ने बताया कि वह मुरैना के एक नर्सिंग कॉलेज में पढ़ाई कर रही है। उसकी दोस्ती सबलगढ़ निवासी पुष्पेंद्र रावत से हुई, जो जल्द ही प्रेम संबंध में बदल गई।

पुष्पेंद्र उसे चार शहर का नाका स्थित अपने भतीजे के घर लेकर आया, जहां उसने कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद भी वह लगातार उसका शारीरिक शोषण करता रहा। जब पीड़िता को पता चला कि वह गर्भवती है, तो उसने पुष्पेंद्र पर शादी के लिए दबाव बनाया।

जब छात्रा ने शादी के लिए जोर दिया तो पुष्पेंद्र ने अपने बहनोई पान सिंह से मदद मांगी। पान सिंह ने छात्रा को बातचीत के लिए जौरा बुलाया और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इसी दौरान मौका पाकर पीड़िता का गर्भपात भी करा दिया गया। गर्भपात के बाद अब आरोपी पुष्पेंद्र शादी से मुकर गया, जिससे परेशान होकर पीड़ित नर्सिंग छात्रा ने हजीरा थाने में शिकायत दर्ज कराई।

## भैरुंदा थाने में नरवाई जलाने पर पहली एफआईआर दर्ज, नहीं थम रही खेतों में आगजनी

सीहोर (ए.)। खेतों में आगजनी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। प्रतिदिन खेतों में आगजनी के समाचार किसानों के आंखों में आंसू ला रहे हैं। खेतों में नरवाई जलाने को लेकर जिले के भैरुंदा थाने में पहली एफआईआर दर्ज हुई है।

जिले के भैरूंदा जनपद के प्रभारी खंड पंचायत अधिकारी आशोक मिश्रा की सूचना पर ग्राम हालियाखेड़ी निवासी किसान शंकरलाल के विरुद्ध खेत की नरवाई जलाने पर भैरुंदा थाने में बीएनएस की धारा-223 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। किसान शंकरलाल द्वारा मूंग की फसल बोने के लिए जान बूझकर गेहूं की नरवाई में आग



लगाई गई थी।

उल्लेखनीय है कि नरवाई जलाने से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस बात को दृष्टिगत रखते हुए खेत में नरवाई जलाने को प्रतिबंधित किया गया है। नरवाई जलाना कृषि और पर्यावरण दोनों के लिए हानिकारक है। इसके कारण विगत वर्षों में गंभीर अग्नि दुर्घटनाएं घटित हो चुकी हैं तथा व्यापक संपत्ति की हानि भी हो चुकी है।

**गेहूं के खेत में आग लगने से चार किसानों की 22 एकड़ की फसल जली**

जिले के अहमदपुर थाना क्षेत्र में रविवार को भीषण आगजनी की घटना हुई, जिसमें किसानों की 22 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग इतनी तेजी से फैली कि किसान चाहकर भी अपनी फसल नहीं बचा सके। यह हादसा ऐसे समय में हुआ जब किसान कटाई की तैयारियों में जुटे थे। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। आग इतनी तेजी से फैली कि किसान अपनी फसल को बचा नहीं पाए।

# व्यापार समाचार

## रुपया 12 पैसे मजबूत होकर 85.86 डॉलर पर खुला

**- रुपया शुक्रवार को 85.98 पर बंद हुआ था**

मुंबई (ए.)। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 85.93 पर खुला। फिर कुछ बढ़त के साथ 85.86 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 12 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.98 पर बंद हुआ। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 104.15 पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुक्रवार को लिवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 7,470.36 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## यूक्रेन-रूस शांति समझौते की उम्मीद से सोना नरम, 700 गिरकर 90550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर



नई दिल्ली (ए.)। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की लगातार बिकवाली के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोना 700 रुपये टूटकर 90,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।

इसके अलावा, तीन वर्षों से चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए रविवार को सऊदी अरब में यूक्रेनी और अमेरिकी अधिकारियों के बीच वार्ता की खबरें आई। इसके मद्देनजर, संभावित रूस-यूक्रेन शांति समझौते की उम्मीद के कारण हाल की तेजी के बाद व्यापारियों ने लंबी पोजीशनों को बेचना और लाभ कमाना जारी रखा।

शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली इस बहुमूल्य धातु का भाव 91,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 700 रुपए घटकर 90,100 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में इसका भाव 90,800 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

रविवार को यूक्रेन और अमेरिका के बीच रूस के साथ संभावित शांति समझौते की संभावना पर चर्चा के बाद भू-राजनीतिक जोखिम कम होने से सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आ गईं। अबांस फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, "हालांकि, मध्य पूर्व में तनाव बढ़ने तथा इजरायल द्वारा गाजा पट्टी में हमास पर हमले फिर से शुरू करने के कारण पीली धातु की सुरक्षित मांग मजबूत बनी हुई है।"

हालांकि, चांदी की कीमत शुक्रवार के बंद स्तर 1,00,300 रुपये प्रति किलोग्राम से 200 रुपये बढ़कर 1,00,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

मेहता ने कहा कि हालिया गिरावट के बावजूद, अमेरिकी फेडरल रिजर्व (फेड) की ओर से ब्याज दरों में और अधिक कटौती की उम्मीदों के कारण सोने में तेजी जारी रहने की उम्मीद है।

## अब तक मिलीं 11.5 लाख नौकरियां, 1.61 लाख करोड़ का निवेश, 14 लाख करोड़ का हुआ उत्पादन

नई दिल्ली (ए.)। देश में विनिर्माण बढ़ाने के लिए शुरू की गई उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत नवंबर, 2024 तक कुल 1.61 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। साथ ही, 11.5 लाख से अधिक लोगों को नौकरियां (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष) मिली हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा, 1.61 लाख करोड़ रुपये के निवेश से करीब 14 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन हुआ, जबकि 5.31 लाख करोड़ रुपये के निर्यात करने में मदद मिली है। सरकार ने योजना के तहत चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 15.52 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन लक्ष्य रखा है। मंत्रालय ने कहा, केंद्र सरकार ने 14 प्रमुख क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजना के तहत कुल 764 आवेदनों को मंजूरी दी है। इसमें बल्क ड्रग्स, मेडिकल डिवाइस, फार्मा, दूरसंचार, व्हाइट गुड्स, फूड प्रोसेसिंग, टेक्सटाइल्स और ड्रोन जैसे क्षेत्रों के पीएलआई लाभार्थियों में 176 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) भी शामिल हैं।



**विशेष इस्पात के लिए 35 कंपनियों ने दिखाई रुचि**

सरकार को विशेष इस्पात के लिए पीएलआई योजना के दूसरे दौर में 25,000 करोड़ रुपये की निवेश प्रतिबद्धता के साथ 35 कंपनियों ने रुचि दिखाई है। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, इस्पात मंत्रालय इन कंपनियों के चयन और उनके साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया में है। इन परियोजनाओं को 3,600 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन दिए जाने अनुमान है। योजना अवधि के अंत तक 2,000 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन बांटा जाएगा।



## हवाई यात्रियों की सुविधा के लिए नियामक का बड़ा कदम; टिकट बुक करते ही मिलेगी ये जानकारी, निर्देश जारी

नई दिल्ली(ए.)। नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने सभी एयरलाइनों को यात्रियों से जुड़े कुछ दिशा-निर्देश जारी किए हैं। नियामक ने विमान सेवा प्रदाता कंपनियों को यात्रियों से जुड़े विनियमों और ग्राहकों के अधिकारों से संबंधित प्रावधानों का प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया है। डीजीसीए ने सभी एयरलाइनों को निर्देश दिया गया है कि वे टिकट बुक होने के बाद नागरिक उड्डयन मंत्रालय पर उपलब्ध यात्री चार्टर का ऑनलाइन लिंक यात्री को संदेश (एसएमएस/व्हाट्सएप) के रूप में भेजें।

इसका मतलब है कि अब जब भी यात्री हवाई टिकट बुक करेंगे तो अब उन्हें अपने अधिकारों और सुविधाओं की पूरी जानकारी मिलेगी। इस आदेश के तहत सभी एयरलाइंस कंपनियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे यात्रियों को टिकट बुकिंग के तुरंत बाद एक ऑनलाइन लिंक के माध्यम से उनके अधिकारों के बारे में उन्हें सूचित करें। इस लिंक में यात्रियों के अधिकारों, नियमों और शिकायत निवारण की पूरी जानकारी होगी, जिससे उन्हें किसी भी समस्या के समाधान में आसानी हो।

# विदेशी निवेशकों के लौटने से झूमा बाजार; सेंसेक्स 1079 अंक चढ़ा, निफ्टी 23650 के पार

नई दिल्ली (ए.)। घरेलू शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक लगातार छठे दिन हरे निशान पर बंद हुए। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,078.87 अंक या 1.40 प्रतिशत उछलकर छह सप्ताह के उच्चतम स्तर 77,984.38 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,201.72 अंक या 1.56 प्रतिशत बढ़कर 78,107.23 अंक पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 307.95 अंक या 1.32 प्रतिशत बढ़कर 23,658.35 अंक पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान बेंचमार्क 358.35 अंक या 1.53 प्रतिशत बढ़कर 23,708.75 अंक पर पहुंच गया। सोमवार के कारोबारी सत्र के दौरान एसबीआई और एनटीपीसी के शेयरों में चार-चार प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

**शेयर बाजार में तेजी का क्या कारण?**

शेयर बाजार में तेजी विदेशी फंड प्रवाह और बैंकिंग और तेल व गैस शेयरों में खरीदारी के कारण आई। इससे बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में सोमवार को 1 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई। जानकारों के अनुसार, अमेरिका और यूरोपीय बाजारों में सकारात्मक



रुख से घरेलू शेयर बाजारों में तेजी आई।

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फाइनेंस में सर्वाधिक लाभ रहा। टाइटन, इंडसइंड बैंक, जोमैटो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, नेस्ले और इंफोसिस पिछड़ गए।

एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 7,470.36 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। बीते हफ्ते मासिक एफएंडओ समाप्ति से पहले शॉर्ट कवरिंग ने तेजी को बढ़ावा दिया। इस दौरान, सेंसेक्स चौतरफा खरीदारी के कारण दिन के कारोबार के दौरान 78 हजार का मनोवैज्ञानिक स्तर पार करने में सफल रहा।

**एशियाई बाजारों में शंघाई और हांगकांग में तेजी, यूरोपीय बाजार भी हरे निशान पर**

मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, "विदेशी निवेशकों की नई आशावादिता तथा अमेरिका और यूरोपीय बाजारों के मजबूत संकेतों से धारणा को और बल मिला।" एशियाई बाजारों में शंघाई और हांगकांग में तेजी रही जबकि सियोल और टोक्यो में गिरावट रही। यूरोपीय बाजार सकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार हरे निशान में बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.07 प्रतिशत बढ़कर 72.21 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

## जल्द लांच होगा नया फोन वीवो वाय 39 5जी



नई दिल्ली (ए.)। भारतीय बाजार में चायनीज कंपनी वीवो जल्द ही अपना नया फोन वीवो वाय39 5जी लॉन्च करेगी। हालांकि, कंपनी ने अभी आधिकारिक लॉन्च डेट की पुष्टि नहीं की है, लेकिन हाल ही में लीक हुई जानकारी से इसके फीचर्स और संभावित कीमत का खुलासा हुआ है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, वीवो वाय39 5जी भारत में दो वेरिएंट में आ सकता है। पहला वेरिएंट 8जीबी रैम प्लस 128जीबी स्टोरेज के साथ होगा, जिसकी संभावित कीमत रुपए 16,999 हो सकती है। वहीं, 8जीबी रैम प्लस 256जीबी स्टोरेज वाले वेरिएंट की कीमत रुपए 18,999 रहने की उम्मीद है। फोन दो कलर ऑप्शन—ओशन ब्लू और लोटस पर्पल में लॉन्च हो सकता है। फोन में 6.68 इंच का एचडी+ डिस्प्ले दिया जाएगा, जो 720 गुणा 1608 पिक्सल रेजोल्यूशन और 120एचझेड रिफ्रेश रेट के साथ आएगा। डिस्प्ले की पीक ब्राइटनेस 1000 निट्स होगी। इस डिवाइस में स्नैपड्रैगन 4 जेन 2 चिपसेट दिया जाएगा, जिससे फोन की परफॉर्मेंस दमदार होगी।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## जब दो 'फर्स्ट' टकराएं

बात टिप्पणियों की हो, या ठोस कदमों की- ट्रंप ने भारत के प्रति कोई नरमी नहीं दिखाई है। ऐसे में 'इंडिया फर्स्ट' और ट्रंप शासन के बीच बराबरी के स्तर पर तालमेल कैसे बन सकता है, यह लाख टके का सवाल है।

प्रधानमंत्री ने पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन से कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप से उनके लगाव का आधार यह है कि वो दोनों अपने-अपने राष्ट्रों को सर्वोपरि रखते हैं।

उन्होंने 'अमेरिका फर्स्ट' के प्रति ट्रंप की प्रतिबद्धता की दिल खोल कर तारीफ की और जोड़ा कि 'मैं भी अपने राष्ट्र को सर्वोपरि रखने में यकीन करता हूं'।

यूरोप से लेकर उत्तर अमेरिका एवं एशिया के विकसित देशों से लेकर विकासशील दुनिया के ज्यादातर हिस्सों में नरेंद्र मोदी की इस टिप्पणी को संभवतः कौतुक-भरी प्रतिक्रिया के साथ सुना गया होगा।

यह लाख टके का सवाल

इसलिए कि ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति से यूरोप से लेकर कनाडा, मेक्सिको और दक्षिण कोरिया तक में पुराने सहयोग टूटने की आशंका छायी हुई है। ग्लोबल साउथ के जिन हिस्सों पर ट्रंप का डंडा पड़ा है, वहां व्यग्रता का माहौल है। वैसे भारत भी उनकी नीतियों के प्रभाव से बचा हुआ नहीं है। भारतीय कारोबार जगत के एक-एक हिस्से में अमेरिकी बाजार में टैरिफ की खड़ी हो रही बाधाओं से जैसी चुनौती आ खड़ी हुई है, उससे वहां फैली बेचैनी की झलक रोज मीडिया की सुर्खियों में देखने को मिलती है। यह स्पष्ट हो चुका है कि ट्रंप के नजरिए में दोस्त, सहयोगी, प्रतिस्पर्धी और दुश्मन के बीच ज्यादा फर्क नहीं है। उनका पैमाना है कि किससे 'अमेरिका फर्स्ट' के लिए कितना फायदा मिल सकता है। उनकी शैली का दूसरा प्रमुख जाहिर हुआ पहलू है कि वे शक्ति का सम्मान करते हैं। उनकी नजर में जिसके पास ताकत है, उससे वे विशेष ढंग से पेश आ रहे हैं। जो इस श्रेणी में नहीं आते, उनके लिए उनका संदेश है कि 'अमेरिका फर्स्ट' के अनुरूप ढल जाओ अथवा अमेरिकी ताकत को भुगतने के लिए तैयार रहो! ऐसा नहीं लगता कि वे भारत को शक्तिशाली देशों की श्रेणी में गिनते हैं। बात टिप्पणियों की हो, या ठोस कदमों की- उन्होंने भारत के प्रति कोई नरमी नहीं दिखाई है। ऐसे में 'इंडिया फर्स्ट' और ट्रंप शासन के बीच बराबरी के स्तर पर तालमेल कैसे बन सकता है, यह लाख टके का सवाल है। तो क्या मोदी भी शक्ति के अनुरूप सम्मान और अपमान का नजरिया रखते हैं?



निवर्तमान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने तिरुवनंतपुरम में पार्टी कार्यालय में एक कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त केरल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर को पार्टी का झंडा सौंपा।

# सुनीता विलियम्स साहस से छुआ आसमान

(लेखक- सुरेश हिंदुस्थानी

***अगर देखना चाहते हो मेरे हौसलों की उड़ान तो आसमान से कह दो कि और ऊँचा हो जाए। ये पंक्तियाँ निश्चित ही ऐसा आभास कराती हैं कि यह असंभव जैसी बात है। क्योंकि आसमान में उड़ने वाली बात किसी ऐसे सपने जैसी ही लगती है, जो पूरा हो ही नहीं सकता। लेकिन व्यक्ति के पास साहस और धैर्य है तो वह असंभव लगने वाले लक्ष्य को भी प्राप्त कर सकता है। भारतीय मूल की बेटी सुनीता विलियम्स ने ऐसा ही एक कीर्तिमान करके दिखाया है।***



धरती पर रहने वाली सुनीता ने अपने साहस और धैर्य से आसमान को छूने को साहसी कार्य किया है। यह एक ऐसा कीर्तिमान है जो भविष्य के लिए एक मील का पत्थर है। जो अंतरिक्ष विज्ञान के लिए एक दिशा बोध बनेगी। आज अंतरिक्ष विज्ञान जगत के लिए सुनीता विलियम्स एक ऐसा नाम है, जिसके साथ विज्ञान को देने के लिए बहुत कुछ है। जिनकी गाथा कहते कहते लोगों के मुंह थक जाएंगे, पर गाथा ख़त्म नहीं होगी। सुनीता विलियम्स, बुच विलमोर सहित चार अंतरिक्ष यात्री जब धरती पर लौटे तो अमेरिका में ख़ुशी का वातावरण था, तो भारत में भी असीमित उल्लास था। सुनीता विलियम्स भारतीय मूल की हैं, इसलिए यह पूरे विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि उन्होंने भारत का भी मान बढ़ाया है।

सुनीता विलियम्स केवल नौ दिन के लिए अंतरिक्ष की सैर पर गई थीं, लेकिन यह क्या मालूम था कि यह नौ दिन की यात्रा नौ माह और चौदह दिन की हो जाएगी। जाहिर है यात्रा सरल नहीं थी। क्योंकि अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण का अभाव रहता है। हालांकि सुनीता विलियम्स की यह तीसरी अंतरिक्ष यात्रा थी। हम जानते हैं धरती से वायुमंडल की परिधि समाप्त होने के बाद अंतरिक्ष की दुनिया प्रारम्भ होती है। अंतरिक्ष के बारे में कहते हैं कि मानव आकृति अधर में ही लटकी रहती है। अगर कोई यात्री अंतरिक्ष यान में भी गया है, तो भी उसे आधार नहीं मिलता। ऐसा लगता है जैसे वजनहीन हो गए हैं। अंतरिक्ष में चल फिर नहीं सकते। बस तैरते से रहते हैं। ऐसी स्थिति में अंतरिक्ष में जाना निश्चित ही अत्यंत दुष्कर कार्य है। भारतीय मूल की बेटी सुनीता विलियम्स और उनके साथ गए बुच विलमोर ने जिस साहस का परिचय दिया, वह वास्तव में काबिले तारीफ़ है। लेकिन एक बात यह भी है कि अंतरिक्ष में जाना किसी चुनौती से कम नहीं है। वहां का जीवन पृथ्वी से बहुत भिन्न है। अंतरिक्ष में पहुँचने के बाद चारों अंतरिक्ष यात्रियों का यान ज़ब भटक गया था। तब उनके मन में भी कई तरह के सवाल उठे होंगे, क्योंकि ऐसी स्थिति में यह पता नहीं होता कि वे धरती पर लौटेंगे भी या नहीं। या अंतरिक्ष में कब तक यूँ ही घूमते रहेंगे, इसका भी पता नहीं, लेकिन एक जिजीविषा थी, जो उन सबको जीने का उल्लास दे रही थी। कहते हैं कि जिसके मन में जीने का उत्साह हो तो समस्याएं सरल होती चली जाती हैं। चारों अंतरिक्ष यात्री पूरे मन से अपने मिशन पर थे। ज़ब तक वे अंतरिक्ष में थे, कुछ न कुछ करते रहे यानी शोध के कार्य में इतने व्यस्त हो गए कि उनको पता ही न चला कि उनके जीवन में कोई समस्या है।

अमेरिका के फ्लोरिडा के तट पर समुद्र में ज़ब अंतरिक्ष यान उतरा, उस समय का दृश्य सबने देखा। कितना अद्भुत, कितना चमत्कार करने वाला दृश्य था। हर कोई इस अविश्वसनीय घटना के बारे सुनकर आश्चर्यचकित ही था। जिन्होंने इस दृश्य को अपनी आँखों से देखा, वह ऐसी घटना दुबारा देख पाएंगे या नहीं, यकीनी तौर पर नहीं कहा जा सकता। यह घटना कोई सामान्य नहीं थी। जो अंतरिक्ष यात्री साढ़े नौ महीने हवा में तैर कर जीवन बिता रहे थे, उनके उनका जीवन वास्तव में बदल चुका था। धरती पर जीने के तरीके अलग हैं, यहां गुरुत्वाकर्षण बल के कारण सभी कार्य आसान हैं। यह आसान इसलिए भी हैं, क्योंकि यह एक सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा बन जाती हैं। अंतरिक्ष का जीवन अलग है। वहां सभी वस्तुएँ हवा तैरती रहती हैं। खाने की वस्तु को भी हवा में तैरते हुए ही खाया जा सकता है। वहां नींद लेने के लिए खुद को बेल्ट से बाँधना होता है। अगर ऐसा नहीं करते तो तैरते हुए सोना बहुत ही मुश्किल काम है। यहां तक कि प्यास बुझाने के लिए अपनी पेशाब और पसीने को शुद्ध करके पीने योग्य बनाया जाता है और वही पीने के काम आता है। शून्य गुरुत्वाकर्षण की अवस्था शरीर पर कई प्रकार के प्रभाव उपस्थित करती हैं। इससे शरीर का संतुलन धरती पर रहने जैसा नहीं होता। रक्त संचरण भी सामान्य नहीं होता। इतना होने के बाद भी इन चार अंतरिक्ष यात्रियों ने साहसिक यात्रा को सफलतापूर्वक पूरा किया। नासा ने इस अभियान को बखूबी अंजाम दिया। वर्तमान में अंतरिक्ष विज्ञान को शोध के अनेक विषय देने का काम किया है। भारत भी इस मामले में किसी भी दृष्टि से पीछे नहीं है। भारत ने जिस प्रकार से अपने चंद्रयान अभियान को सफलतापूर्वक पूरा किया, वह सारी दुनिया को अचरज में डालने जैसा ही है। इसलिए भारतीय वैज्ञानिक भी अंतरिक्ष के लिए एक उपलब्धि को पाने जैसा ही कार्य कर रहे हैं। चूँकि सुनीता विलियम्स भी भारतीय मूल की हैं, इसलिए नासा की इस उपलब्धि को भारतीय प्रतिभा का कायल माना जा रहा है। आज का अमेरिका बिना भारतीय प्रतिभा के आगे नहीं बढ़ सकता। ऐसा अमेरिका के कई क्षेत्रों में साबित हो रहा है। सुनीता विलियम्स के जीवन और उनके कार्य में भारतीय संस्कार विद्यमान हैं। इससे पूर्व अंतरिक्ष में जाते समय वे अपने साथ भागवत गीता ले गई थीं और इस बार भगवान गणेश की प्रतिमा साथ लेकर गईं।

सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर सहित चार सहयोगियों ने वहां पर साढ़े नौ महीने जो शोध किया, वह अंतरिक्ष विज्ञानियों के लिए एक ऐसा ऐतिहासिक दस्तावेज ही कहा जाएगा, जो मिसाल है। आने वाले समय में विज्ञान जगत इनसे बहुत कुछ सीखेगा, यह तय है। अंतरिक्ष में जाने का यह मामला पहला नहीं है, लेकिन इतनी लम्बी अवधि तक अंतरिक्ष में रहने का यह पहला मामला है। इसलिए इसे औरों से अलग किस्म के रूप में देखा जा रहा है। भारतीय मूल की बेटी सुनीता के इस हौसले का पूरे मन से अभिवादन।

# सब तो एक-दूसरे से छिटके हुए!

**हरिशंकर व्यास**

इन दिनों बेंगलुरू में आरएसएस की प्रतिनिधि सभा की बैठक हो रही है। आरएसएस के सौ साल होने के समय की इस बैठक के 1,480 प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों के दिल-दिमाग का यदि मैं अनुमान लगाऊं तो सवाल होगा कि क्या नरेंद्र मोदी से इन सबका वह लगाव है, जो 2013-14 में उन्हें भाजपा का नेता तय करते वक्त था? यह गहरा-गंभीर सवाल है। मैं इसके खुलासे में नहीं जाऊंगा। इतना भर नोट करें कि परस्पर संवाद में भी एलर्जी है। अहंकार और परस्पर नफरत की वे बाते हैं, जो दिखावे की मुलाकातों तथा सत्ता के लालच से छुपी हुई हैं। असलियत परस्पर अविश्वास, भय और वह लालच है जो देश की राजनीति में सर्वत्र है। सभी समय के प्रवाह में बहते हुए हैं और सत्य से मुंह चुराते हुए।

ऐसा अटल बिहारी वाजपेयी के समय में नहीं था। वाजपेयी और संघ के सुर्दशन में तब वैचारिक मतभेद बना था लेकिन मनमुटाव नहीं था। अहंकार और ईगो का संकट नहीं था। आडवाणी, पार्टी अध्यक्ष, मंत्रियों आदि सभी के जरिए संघ आलाकमान का वाजपेयी से संवाद था तो परस्पर विचार-विमर्श भी था। फिलहाल सबका मालिक एक, और वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं जो यदि मिल लिए, यदि उन्होंने दर्शन दे दिए तो बड़ी कृपा! इसलिए जो कुर्सी पर है वही परम पूजनीय है और बाकी सब घसियारे हैं। मेहरबानियों पर जिंदा हैं। तभी संघ के प्रतिनिधियों के लिए, सौ वर्ष के मुकाम पर गौरव की बात इतनी भर है कि उनके सपनों का हिंदू राष्ट्र है, जिसमें औरंगजेब जिंदा है! इस प्रतीकात्मक बात को धर्म, जाति, क्षेत्र, समाज, राजनीति, आर्थिकी सभी पर लागू कर सकते हैं। क्या अडानी और अंबानी के मन मिले हुए हैं? क्या उद्योगपतियों में परस्पर मन से सद्भाव है? क्या अफसरों की जमात पक्षपातों से पैदा खुन्नस नफरत नहीं बनाए हुए है? आखिर हर लेवल पर तो कायदे व नियम को ताक में रख निर्णय हो रहे है। अहम पदों पर नियुक्ति, प्रमोशन और रिटायर होने के बाद बंदरबांट के हर मामले में। ऐसे ही पक्ष-विपक्ष के रिश्तों में आज जैसी दुश्मनी व नफरत है क्या आजाद इतिहास में पहले कभी रही? दक्षिण के पांच राज्यों तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश का देश की आर्थिकी में तीस प्रतिशत हिस्सा है लेकिन इनके मानस में दिल्ली की सत्ता, उत्तर भारत को लेकर मन ही मन वह नफरत है कि लोगों से बच्चे ज्यादा पैदा करने का आह्वान कर रहे हैं! सोचें, क्या एक्स्ट्रिम है। भक्त हिंदुओं में मुसलमान से ज्यादा बच्चे पैदा करने की हवाबाजी तो समझ आती है लेकिन उत्तर भारत की संख्या के मुकाबले दक्षिण में संख्या बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्रियों का कहना क्या बताता है?

जाहिर है भय, हताशा और उसके परिणाम में नफरत के लक्षण चारों तरफ हैं। कोई न माने इस बात को लेकिन सत्य है कि महाराष्ट्र में गुजरात और गुजरातियों को लेकर नफरत सुलगी हुई है! ऐसे ही उत्तर पूर्व के राज्यों में नफरत के अलग-अलग भभके हैं। ऊपर से सब ठीक दिखेगा लेकिन स्थानीय बनाम बाहरी, आदिवासी बनाम गैर-आदिवासी, हिंदू बनाम मुस्लिम की नफरत के ढेरों टापू बनते हुए हैं। यदि धर्म की सतह के नीचे की मनोदशा में जातियों का हिसाब लगाएं तो उत्तर प्रदेश हो या बिहार इनमें भी महाकुंभ के साझे के नीचे जातियों में परस्पर विद्वेष लगातार बढ़ते हुए हैं। इसी वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने वह जातिवादी राजनीति बना रखी है, जिसमें जातियों में अपने-अपने चेहरों का घमंड बढ़ता जा रहा है, भले वह लायक हो या न हो! यह सब हिंदू छाते के नीचे फिलहाल छुपा हुआ है लेकिन समय की हवा जब छाते को उड़ाएगी, जब भी विस्फोट होगा तब अचानक सब तितर-बितर हुआ मिलेगा। सवाल है ऐसा सोचना ही क्यों? इसलिए क्योंकि कौम यदि अतीत में, औरगंजेब की कब्र पर वर्तमान बनाती है तो बिखरा होने का इतिहास का लौटना चिंता तो बनाएगा!




मेष राशि- आज आप सकारात्मक विचारों के साथ अपने काम को आसानी से पूरा कर लेंगे। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। भविष्य के लिए योजनाएं बनाने के लिए आज का दिन बहुत ही उत्तम है। घर में जल्द ही किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। आज किसी अच्छी कंपनी से इंटरव्यू के लिए आपके पास कॉल आ सकता है।

वृष राशि-आज कारोबार में अचानक आपको फायदा होगा। ऑफिस में आप सबकी मदद के लिए तैयार रहेंगे। आज आप अपनी आर्थिक स्थिति बेहतर करने की सोचेंगे। रोजमर्रा के काम बिना किसी रुकावट के पूरे हो जाएंगे। लवमेट के साथ रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी। आज किसी काम के लिए की गई कोशिश सफल रहेगी।

मिथुन राशि- ऑफिस में आज काम अधिक हो सकता है। साथ ही काम पूरा करने में आपको किसी सहकर्मी की मदद भी मिलेगी। आपके करियर में अचानक कुछ बदलाव आएंगे। आज आपको धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा, लेकिन खर्चों को लेकर थोड़ी सावधानी जरूर बरतें। आपका वैवाहिक जीवन खुशहाल रहेगा। कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। आज आपको खुद को साबित करने के कई मौके मिलेंगे। आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी।

कर्क राशि- आज किसी पुरानी जमीन से आपको धन लाभ होगा। अगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिए आप बाहर जा रहे हैं, तो घर के बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर जाएं, तो आपका काम सफल होगा। ऑफिस में आप सभी काम समय से पूरे कर लेंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपको तली-भुनी चीजों को खाने से बचना चाहिए।

सिंह राशि- आज आपको घर की कुछ नई जिम्मेदारी संभालनी पड़ेगी। आपका मित्र आपको अपने घर पर डिनर के लिए इंवाइट करेगा, जिससे आपकी दोस्ती पहले से और अधिक मजबूत होगी। व्यापारी वर्ग को आज किसी डील से फायदा होगा। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। जीवनसाथी आपको सरप्राइज दे सकते हैं। कुछ दिनों से चली आ रही समस्याओं का हल आज आसानी से निकल जाएगा।

कन्या राशि- आज आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आज आपकी खास इच्छा पूरी होने के योग बन रहे हैं। अगर आप बहुत दिनों से घर का जरूरी काम पूरा करने के बारे में सोच रहे हैं, तो आज वो काम पूरा होगा। इस राशि के छात्रों को अपनी मेहनत का अच्छा परिणाम हासिल होगा। ऑफिस का काम रोज की तुलना में आज बेहतर तरीके से पूरा होगा।

तुला राशि- आज आपका पेपरवर्क पूरा ना होने से किसी काम में कुछ समय लग सकता है। आप अपने काम को अच्छी दिशा देने के लिए जितना प्रयास करेंगे, आपके लिए उतना ही बेहतर होगा। कार्यालय में अधिकारी वर्ग आपके ऊपर काम को लेकर थोड़ा दबाव बनाएंगे। इस राशि के छात्रों का मन पढ़ाई से थोड़ा भटक सकता है।

वृश्चिक राशि- आज आप उत्साह से भरे रहेंगे। आपके घर का माहौल खुशनुमा रहेगा। आज आप अपने सभी काम मेहनत से करेंगे। आपकी मेहनत रंग लायेगी। शाम को जीवनसाथी के साथ डिनर का प्लान बनाएंगे। रचनात्मककाम में लगे लोगों को किसी दूसरे व्यक्ति से फायदा होगा। किसी मित्र से अचानक मुलाकात होगी, उनके साथ मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे। छात्र कंप्यूटर कोर्स ज्वॉइन करने का मन बनाएंगे।

धनु राशि- आज आप अपने कार्यों को जल्दी पूरा करने के लिए पूरी मेहनत करेंगे, जिसमें आप सफल भी होंगे। परिवार के सब लोग आपसे खुश रहेंगे। ऑफिस में काम के प्रति माहौल अच्छा रहेगा। इस राशि के नवविवाहित आज किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जाएंगे। आप अपने बिजनेस को नई गति देने की कोशिश करेंगे। शत्रु पक्ष आज आपसे दूरी बनाकर रहेंगे। जो लोग लकड़ी के व्यापार से जुड़े हैं, उनके हाथ बड़ा प्रोजेक्ट लगेगा।

मकर राशि- आज किसी नई योजना को बनाने में आप सफल होंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। किसी खास काम में आपको माता का सहयोग प्राप्त होगा। मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन फायेदेमंद रहेगा। रिश्तेदार अपना काम जल्दी पूरा करवाने के लिए आपसे मदद मांग सकता है। जीवन में आगे बढ़ने के लिए नए रास्ते खुलेंगे।

कुंभ राशि- आज आप दोस्तों के लिए मददगार साबित होंगे। ऑफिस में आज आपसे सभी लोग खुश रहेंगे। आज आपकी पदोन्नति पर विचार-विमर्श किया जायेगा। बिजनेसमैन लोगों के लिए आज का दिन फायेदेमंद रहने वाला है। आप किसी नई डील में पैसा लगाने पर विचार करेंगे।

मीन राशि- आज अधिकारी वर्ग से आपको पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। आपको कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, जिससे काम तय समय पर पूरा हो जायेगा। अगर आप नया रोजगार शुरू करने के बारे में सोच रहे हैं, तो उससे जुड़ी चीजों को पहले अच्छे से समझ लें। आज के दिन किसी दूसरे के काम में पड़ने से आपको बचना चाहिए। आज आपको थोड़ा आलस महसूस होगा।

# रचनात्मकता की नई परिकल्पना : भारत का वेव्स शिखर सम्मेलन 2025 किस प्रकार वैश्विक मनोरंजन को नया रूप देगा

**चैतन्य प्रसाद ( भारतीय सूचना सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी )**

प्रामाणिक कहानियों और रचनात्मक मनोरंजन की भूखी दुनिया में, भारत वैश्विक मीडिया परिदृश्य में क्रांति लाने के लिए पूरी तरह तैयार है। विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) महज मीडिया और मनोरंजन से जुड़ा एक हितधारक भर नहीं है - यह एक ऐसे परिवर्तनकारी दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है जो दुनिया भर में रचनाकारों, नीति-निर्माताओं और दर्शकों के कंटेंट के साथ जुड़ने के तौर-तरीके को नए सिरे से परिभाषित करेगा। आगामी 1-4 मई, 2025 को मुंबई में आयोजित होने वाला वेव्स, संभवतः सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा रचनाकारों के इकोसिस्टम के लिए शुरू की गई एक ऐसी बेहद दूरदर्शी पहल के रूप में उभर कर सामने आया है, जो मनोरंजन के वैश्विक मंचों के लिए एक नया स्वर्णिम मानक स्थापित करेगा।

दशकों से भारत कहानी कहने की कला के क्षेत्र में एक महाशक्ति रहा है और अपनी फिल्मों, संगीत एवं डिजिटल कंटेंट के जरिए दुनिया को मंत्रमुग्ध करता रहा है। फिर भी, अपने विशुद्ध रचनात्मक सृजन के बावजूद, इस देश ने शायद ही कभी वैश्विक मनोरंजन उद्योग में भागीदारी की शर्तों को निर्धारित किया है। वेव्स उस कहानी को बदलना चाहता है। इसका नाता सिर्फ भारतीय रचनात्मकता को प्रदर्शित करने भर से नहीं है इसका सरोकार मीडिया, मनोरंजन और प्रौद्योगिकी के इर्द-गिर्द होने वाली वैश्विक बातचीत को आकार देने से है। यदि दावोस आर्थिक नीति का केंद्र है और कान्स सिनेमा का मंदिर है, तो वेव्स का उद्देश्य नवाचार के सृजन और प्रमुख हितधारकों के सहयोग - कलात्मक प्रतिभा के संगम - के जरिए मनोरंजन के भविष्य को परिभाषित करना है। वेव्स का वास्ता सिर्फ बड़े फलक वाली रणनीति से नहीं है इसका संबंध रचनाकारों, व्यवसायों और निवेशकों के लिए वास्तविक अवसर उपलब्ध कराने से है। 'भारत पैवेलियन' भारत की कहानी कहने की विरासत का उत्सव मनाएगा। इसमें प्राचीन महाकाव्यों एवं लोककथाओं से लेकर एआई-संचालित कंटेंट और मोहित कर देने वाली डिजिटल कहानी कहने की कला तक के इसके विकास को दर्शाया जाएगा। इसके जरिए भारत द्वारा विश्व को बताया जा रहा है कि हमारी कहानियां भले ही कालातीत हैं, लेकिन कहानी कहने की हमारी शैली अत्याधुनिक है। वहीं 'वेव्स बाज़ार', जो अपनी तरह का पहला सालोंभर खुला रहने वाला वैश्विक कंटेंट बाजार है, कंटेंट की खरीद, बिक्री और वितरण के तरीके को बदलने के लिए तैयार है। पारंपरिक समारोह-संचालित अधिग्रहण मॉडल से आगे बढ़ते हुए, यह डिजिटल-प्रथम प्लेटफॉर्म निरंतर वैश्विक लेनदेन को संभव बनाएगा। इससे भारत और अन्य देशों के रचनाकारों को हमेशा सक्रिय रहने वाले मुद्रीकरण इकोसिस्टम तक पहुंच हासिल होना यह सुनिश्चित होगा।

हाल ही में ड्यून:पार्ट टू द्वारा भारत के महत्वपूर्ण वीएफएक्स योगदान के साथ सर्वश्रेष्ठ दृश्य प्रभाव के लिए 2025 का ऑस्कर जीतने जैसी सफलताओं, जो हमारी रचनात्मक क्षमता का उदाहरण है, को वेव्स वैश्विक मंच पर प्रदर्शित और पोषित करना चाहता है। लेकिन उद्योग जगत की सभी चर्चाओं से परे, जो चीज वेव्स को वास्तव में अलग बनाती है वह है इसका व्यापक दृष्टिकोण। यह एक बार का आयोजन नहीं है - यह भारत को मनोरंजन से जुड़े नवाचार के वैश्विक मुख्यालय के रूप में स्थापित करने की एक दीर्घकालिक रणनीति है। जैसे-जैसे वैश्विक मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग का आकार 2030 तक तीन ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का होने की ओर बढ़ रहा है, भारत एक आउटसोर्सिंग केन्द्र के रूप में नहीं बल्कि मनोरंजन के सृजन और उससे जुड़ी नीतिगत व निवेश के मामले में वैश्विक स्तर पर एक अग्रणी देश के रूप में उभरने की ओर अग्रसर है। इस शिखर सम्मेलन में कंटेंट के सृजन, वित्तपोषण, नीतिगत चर्चा और उभरती प्रौद्योगिकियों के मामले किया जाने वाला समन्वय इसे मनोरंजन के भविष्य का एक लॉन्चपैड बनाता है। शिखर सम्मेलन की महत्वाकांक्षा प्रतिभा को प्रदर्शित करने से आगे बढ़कर वैश्विक मीडिया संवाद के जरिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने तक फैली हुई है। इस कूटनीतिक पहल का उद्देश्य वास्तव में ऐसा वैश्विक इकोसिस्टम बनाना है जो भारत के नेतृत्व में विभिन्न देशों के रचनाकारों और उद्योग के हितधारकों को जोड़े। वैश्विक मीडिया संवाद ऐतिहासिक वेव्स घोषणा 2025 में परिणत होगा ङ्क जो वैश्विक मीडिया एवं मनोरंजन जगत के लिए एक ऐसा दूरदर्शी रोडमैप पेश करेगा जिससे मनोरंजन के एक स्थायी वैश्विक मंच की नींव रखा जाना संभव होगा। यह घोषणा मनोरंजन उद्योग की महत्वपूर्ण प्रवृत्तियों एवं चुनौतियों पर ध्यान देगी और एक ऐसे समावेशी ढांचे का प्रस्ताव करेगी, जो दुनिया भर के रचनाकारों को लाभान्वित करेगी।

वेव्स की सबसे महत्वपूर्ण पहलों में से एक है 'वेवएक्सेलरेटर'। यह एक स्टार्टअप इनक्यूबेटर है, जिसे खास तौर पर रचनात्मक उद्यमियों के लिए डिज़ाइन किया गया है। एआई द्वारा सृजित कंटेंट, संवादात्मक मीडिया और वर्चुअल प्रोडक्शन के उदय के साथ, व्यवस्थित मार्गदर्शन (मेंटरशिप), वित्तपोषण (फंडिंग) और बाजार की सुलभता (मार्केट एक्सेस) की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। 'वेवएक्सेलरेटर' यह सुनिश्चित करता है कि भारत न केवल कहानी कहने की अत्याधुनिक कला को बढ़ावा दे बल्कि ऐसे व्यवसाय भी खड़े करे जो अगले दशक के मनोरंजन को परिभाषित करेंगे। बौद्धिक संपदा संरक्षण के साथ निवेश की सुविधा को एकीकृत करके, भारत दुनिया को यह संकेत दे रहा है कि वह एक स्थायी रचनात्मक अर्थव्यवस्था बनाने के प्रति गंभीर है।

वेव्स का एक प्रमुख आकर्षण प्रतिभा खोज और मार्गदर्शन पर इसका ध्यान केन्द्रित करना है। अपने 'क्रिएट इन इंडिया चैलेंज' के जरिए, इस शिखर सम्मेलन ने गेमिंग, कॉमिक्स, एनीमेशन, संगीत, ईस्पोर्ट्स और प्रसारण में 725 शीर्ष-स्तरीय रचनाकारों की पहचान की है। ये चयनित प्रतिभाएं 'क्रिएटोस्फेयर' में भाग लेंगी, जोकि लाइव प्रतियोगिताओं, मास्टरक्लास और सहयोगी परियोजनाओं से लैस एक संवादात्मक केन्द्र (इंटरैक्टिव हब) है और यह सुनिश्चित करता है कि मनोरंजन में सर्वश्रेष्ठ नई प्रतिभाएं भारत से उभरकर वैश्विक मंच पर अपनी चमक बिखेरें।



## संक्षिप्त समाचार

## ओलावृष्टि प्रभावित इलाकों का दौरा करने पहुंचे मंत्री के काफिले पर पथराव, मचा हड़कंप



मयूरभंज (आरएनएस)। ओडिशा के मयूरभंज जिले में राज्य के राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी के काफिले पर पथराव किया गया। हमले में एक सिपाही घायल हो गया। हालांकि मंत्री व उनकी टीम के बाकी सदस्य सुरक्षित हैं। बताया जाता है कि मंत्री अपनी टीम के साथ बिसोई और बंगिरिपोसी ब्लॉकों में ओलावृष्टि प्रभावित इलाकों का दौरा करने पहुंचे थे। यहां पत्रकारों से बातचीत में सुरेश पुजारी ने कहा, मुझे शनिवार को वहां जाना था, लेकिन खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका। इसलिए, मैंने इन क्षेत्रों का दौरा किया। बताया जाता है कि इस दौरान काफिले की एक कार पर पथराव हो गया जिससे विंडस्क्रीन का शीशा टूट गया और एक सिपाही घायल हो गया।

## नागपुर हिंसा के मास्टरमाइंड फहीम खान के घर चला बुलडोजर, सुबह ही प्रशासन ने लिया ऐक्शन




नागपुर (आरएनएस)। नागपुर में बीते सप्ताह दंगे भड़क गए थे। इसमें एक दर्जन पुलिसकर्मी घायल हुए और करीब इतने ही नागरिक जख्मी हो गए थे। इस घटना में बड़ी संख्या में गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया था, जबकि दुकानों में भी आग लगाई गई और तोड़फोड़ की गई थी। पुलिस का कहना है कि इस हिंसा का मास्टरमाइंड फहीम खान नाम का शख्स था, जिसके घर पर आज बुलडोजर चला है। नागपुर महानगरपालिका की टीम आज सुबह ही बुलडोजर लेकर फहीम खान के घर पर पहुंच गई। इस दौरान बड़े पैमाने पर सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया था। बता दें फहीम खान पेशे से बुर्का विक्रेता है। माना जा रहा है कि उसने कुछ वीडियो जारी किए थे और उत्तेजक बयान दिए थे, जिससे लोग भड़के और उन्होंने नागपुर शहर में उपद्रव काट दिया। फहीम खान को पुलिस ने बीते मंगलवार को ही अरेस्ट कर लिया था और उसे अदालत में पेश किया गया था।

## बुलेट ट्रेन ट्रैक पर काम के दौरान बड़ा हादसा, भारी भरकम गांत्री फिसलकर गिरी; दो दर्जन से ज्यादा ट्रेनें रद्द



मुंबई(आरएनएस)। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के अंतर्गत वटावा के पास निर्माण कार्य के दौरान एक बड़ा हादसा सामने आया है। यहां एक भारी-भरकम सेगमेंटल लॉन्चिंग गैंट्री (गांत्री) को हटाते समय वह फिसलकर रेलवे ट्रैक पर गिर गई। राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। हालांकि, इस घटना के कारण इस रूट पर चलने वाली रेल सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। कम से कम 25 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है, जबकि दो दर्जन से अधिक ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है। जानकारी के अनुसार, यह हादसा रविवार रात लगभग 11 बजे हुआ। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंक्रीट गार्डर बनाने के बाद इस गैंट्री को पीछे की ओर ले जाया जा रहा था। आमतौर पर गैंट्री का इस्तेमाल पुलों के निर्माण में किया जाता है। इस हादसे के चलते रेलवे की पटरियों को नुकसान पहुंचा है, हालांकि वायाडक्ट को कोई क्षति नहीं हुई है। घटना की सूचना मिलते ही तुरंत दुर्घटना राहत ट्रेन और नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारी मौके पर पहुंच गए।मिली जानकारी के अनुसार, इस हादसे से गेरातपुर-वाटवा सेक्शन की ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। पश्चिम रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि गैंट्री गिरने के कारण डाउन लाइन की ट्रेनों का संचालन बाधित हुआ है। ट्रैक की मरम्मत का कार्य तेजी से किया जा रहा है। रात 12 बजे के बाद ही सिंगल लाइन को चालू करने का काम शुरू कर दिया गया था। इस दुर्घटना के बाद 12833 अहमदाबाद-हावड़ा और 19483 अहमदाबाद-बरौनी ट्रेनों के समय में बदलाव किया गया है। वहीं, 12931 मुंबई-अहमदाबाद डबल डेकर ट्रेन, 19033 गुजरात क्वीन और 22953 गुजरात एक्सप्रेस जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है।

## ग्रेटर नोएडा के दो सेक्टरों में 36 घंटे से जल आपूर्ति ठप, हजारों लोग परेशान



ग्रेटर नोएडा (आरएनएस)। ग्रेटर नोएडा के प्रमुख सेक्टर अल्फा-1 और अल्फा-2 में पिछले 36 घंटों से पानी की आपूर्ति बाधित है, जिससे करीब 20 हजार लोग परेशान हैं। शनिवार देर शाम अल्फा-1 गोल चक्कर के पास गंगाजल पाइपलाइन में लीकेज होने से हजारों लीटर पानी बर्बाद हो गया। इसके बावजूद, प्राधिकरण के अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे, जिससे लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।क्षेत्रवासियों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद प्राधिकरण ने सिर्फ तीन टैंकर पानी भेजकर खानापूर्ति कर दी, जो इस क्षेत्र की 20 हजार की आबादी के लिए बिल्कुल नाकाफी है।आरडब्ल्यूए अध्यक्ष शेर सिंह भाटी ने बताया कि पाइपलाइन में लीकेज हुए 36 घंटे से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक जलापूर्ति बहाल नहीं हो पाई है। वहीं, अल्फा-2 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सुभाष भाटी ने भी नाराजगी जताते हुए कहा कि प्राधिकरण की लापरवाही के कारण पूरे क्षेत्र में जल संकट गहरा गया है। उन्होंने कहा कि सेक्टर में पाइपलाइन लीकेज की समस्या आए दिन बनी रहती है, लेकिन प्रशासन इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं देता। पाइपलाइन से लगातार पानी बहने के कारण सड़क पर जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासियों ने प्राधिकरण के अधिकारियों से शीघ्र समाधान की मांग की है और कहा है कि अगर जल्द ही पानी की आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# जेपी नड्डा और रिजिजू ने सदन में बोला झूठ, हमारे किसी भी मिनिस्टर ने संविधान बदलने की बात नहीं की : खड़गे

बेंगलुरू (ए.)। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के संविधान पर कथित बयान पर भाजपा के विरोध पर कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि भाजपा धर्म के आधार पर कानून बना रही है। हमने कभी धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया। उन्होंने कहा कि आज बिना किसी कारण के इस मुद्दे को उठाकर सरकार अपने भ्रष्टाचार के मामलों को छिपाना चाहती है। हमारी कांग्रेस पार्टी और कर्नाटक की दूसरी पार्टियों ने मिलकर 1994 में शुरू हुए आरक्षण को स्वीकार किया था। तब से लेकर आज तक वो आरक्षण जारी है। लेकिन उनकी परेशानी क्या है? उनकी परेशानी ये है कि हमारी 5 गारंटी कर्नाटक में लोगों तक पहुंच रही है और इसलिए उन्हें बहुत दुख है कि कांग्रेस की लोकप्रियता बढ़ रही है। खड़गे ने दावा किया कि जेपी नड्डा जी और किरेन रिजिजू जी ने सदन में झूठ बोला, इसलिए हमारी पार्टी उनके ऊपर एक्शन लेने की तैयारी कर रही है। उन्होंने



यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी धर्म के आधार पर आरक्षण दे रही है, जो कि सरासर झूठ है। बीजेपी ऐसे मुद्दे उठाकर अपनी सरकार में जारी भ्रष्टाचार को छिपाना चाहती है। हाल ही में ज्युडिशरी से जुड़ा एक मामला सामने आया है और बीजेपी नहीं चाहती कि विपक्ष इन मुद्दों पर बात करे। उन्होंने कहा कि मुस्लिमों को कभी अलग से आरक्षण नहीं दिया गया। नरेंद्र मोदी ने अपने राज्य में मुस्लिमों को ओबीसी की सूची में डाला था और अटल जी की सरकार से निवेदन किया था कि राज्य की लिस्ट को केंद्र की लिस्ट में डालकर लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि हमने 5 कैटेगरी में डालकर सभी को न्याय दिलाने की कोशिश की है। बीजेपी के लोग 30 साल पुराने कानून को चैलेंज कर रहे हैं। ये दिखाता है कि बीजेपी बौखलाई हुई है। देश में कांग्रेस ही संविधान लेकर आई है, कांग्रेस हर कीमत पर इसकी रक्षा करेगी। इसकी रक्षा के लिए लड़ती रहेगी। अगर कोई संविधान के खिलाफ कुछ कहता है तो कांग्रेस चुप बैठने वाली नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे किसी भी नेता या मिनिस्टर ने संविधान को बदलने की बात नहीं की है। बाबासाहेब डॉ आंबेडकर जी के बनाएं हुए संविधान की बात केवल BJP-RSS के नेताओं ने बार-बार की है।

## राणा सांगा, शिवाजी को आदर्श मानने के बजाय विपक्ष के लोग औरंगजेब को याद कर रहे : अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद अनुराग ठाकुर ने सोमवार को विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि राणा सांगा, छत्रपति शिवाजी महाराज और महाराणा प्रताप को आदर्श मानने के बजाय ये लोग बाबर और औरंगजेब को याद करने में लगे हैं। लोकसभा में वित्त विधेयक, 2025 पर चर्चा में भाग लेते हुए ठाकुर ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सदस्य सुप्रिया सुले का नाम लिए बगैर उनकी एक टिप्पणी का जिक्र किया। सुले ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के सदन में दिए गए भाषण पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि सत्तापक्ष के लोग बार-बार पुराने जमाने की बातें करते हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा, ''यहां कब्र खोदने की बातें की गई हैं। कहा गया कि गड़े मुर्दे क्यों उखाड़े जा रहे हैं।'' उन्होंने विपक्षी सदस्यों पर निशाना साधते हुए कहा, ''ये लोग अब भी 17वीं शताब्दी की मुगलई सोच के साथ चल रहे हैं। राणा सांगा, शिवाजी महाराज और महाराणा प्रताप इनके आदर्श होने चाहिए थे, लेकिन ये बाबर और औरंगजेब को याद करने में लगे हैं।' ठाकुर ने कहा, ''विपक्ष के लोग हमारे पूर्वजों, नायकों को अपमानित करने का बार-बार प्रयास करते हैं। ये वोट बैंक के लिए स्वाभिमान को कितना नीचे गिराएंगे।'' ठाकुर ने देश में कराधान संबंधी मुद्दे पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर अपने हमले में कहा कि विपक्ष के लोग उस मुगल शासक को याद करते हैं जिसने धर्म के नाम पर हिंदुओं पर जजिया कर लगाने का काम किया था।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा, कपिल मिश्रा और अन्य नेता नई दिल्ली में बजट सत्र से पहले विधायक दल की बैठक में शामिल हुए।

## दिल्ली के रोहिणी में आर्थिक तंगी से परेशान एक व्यक्ति ने पिस्तौल से गोली मार कर आत्महत्या की

नई दिल्ली (ए)। दिल्ली में रोहिणी के प्रेम नगर इलाके में सोमवार को 38 वर्षीय एक व्यक्ति ने अपने परिवार के सामने पिस्तौल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान प्रशांत कौशिक के रूप में हुई है, जो खराद की दुकान में काम करता था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, आर्थिक तंगी से जूझ रहा कौशिक सोमवार सुबह घर पर शराब पी रहा था कि तभी उसने अपने सिर के दाहिने हिस्से में गोली मार ली। अधिकारी ने बताया कि कौशिक ने अपनी पत्नी, 13 वर्षीय बेटी और 15 वर्षीय बेटे के सामने आत्महत्या की। पुलिस अधिकारी ने बताया, वह (कौशिक) वित्तीय समस्याओं के कारण तनाव में था। उस पर कर्ज था और एक महीने से अधिक समय से उसके पास नियमित काम नहीं था। उन्होंने बताया, हम इस पहलु की भी जांच कर रहे हैं कि उसने (कौशिक ने) पिस्तौल कहां से खरीदी। अधिकारी ने बताया कि अपराध और फोरेंसिक टीमों ने घटनास्थल की जांच कर साक्ष्य एकत्र किए हैं। उन्होंने बताया कि कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और परिवार ने अब तक किसी पर कोई संदेह नहीं जताया है।

## ओछी पब्लिसिटी के लिए कुणाल कामरा ने सारी हदें पार कर दीं : राम कदम



मुंबई, (आरएनएस)। कुणाल कामरा का उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर किए गए कटाक्ष को भाजपा विधायक राम कदम ने 'ओछी पब्लिसिटी' करार दिया है। उन्होंने कहा कि कुणाल कामरा जिस प्रकार की भाषा और बर्ताव देश के शीर्ष नेता और पत्रकारों के लिए करते हैं, अब समय आ गया है वह जहां मिलें उन पर कालिख पोत दी जाए। राम कदम ने कहा, ओछी पब्लिसिटी पाने के चक्कर में कुणाल कामरा अब सारी हदें पार कर चुके हैं। वह जब भी चाहें, जब भी उनका मन करे, किसी के लिए भी अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हैं। उन्हें क्या हो गया है? एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री हैं, वह सम्मानित व्यक्ति हैं। क्या यह महाराष्ट्र की भूमि का अपमान नहीं है? कुणाल कामरा ने किसकी सुपारी ली है? उद्धव ठाकरे कंपनी की? क्या कारण था? उन्होंने आगे कहा, क्या दिशा सालियान केस में ठाकरे परिवार का नाम आ रहा था, उससे ध्यान भटकाने के लिए यह समय चुना गया? क्या कारण था? जिस प्रकार की भाषा और जिस प्रकार का बर्ताव देश के शीर्ष नेता और पत्रकारों के लिए कुणाल कामरा ने किया है, अब समय आ गया है कि जहां मिलें, उन पर कालिख लगाई जाए। महाराष्ट्र सरकार उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी। कुणाल कामरा को चेतावनी है कि आप कलाकार हैं, आप अपनी अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर किसी भी व्यक्ति के बारे में अभद्र भाषा का इस्तेमाल नहीं कर सकते।बता दें कि कुणाल कामरा ने अपने कॉमेडी शो में एक गीत के जरिए बिना नाम लिए एकनाथ शिंदे पर तंज कसा था। उन्होंने छिपे ढके अंदाज में उन पर शिवसेना छीनने का आरोप लगाया। अपनी बात को और बल देने के लिए कामरा ने सचिन तेंदुलकर का उदाहरण दिया था।

## बिहार में कन्हैया बनेंगे कांग्रेस के खेवनहार, राज्य में निकाल रहे पदयात्रा, निशाने पर नीतीश सरकार

नई दिल्ली (ए.)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया सेल और प्रचार प्रभारी पवन खेड़ा ने कहा कि कन्हैया कुमार यात्रा के माध्यम से जो मुद्दा उठा रहे हैं, उसे बाकी राजनीतिक दलों को आज नहीं तो कल उठाना ही पड़ेगा। आज सत्तारूढ़ दल हमारा ध्यान बांटना चाहता है, ताकि लोग असली मुद्दों पर बात न करें और वो अपनी नाकामी छिपा सकें। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी, पलायन जैसे बड़े मुद्दे पर बात न हो, बिहार और देश का ध्यान बंटा रहे, इसलिए BJP समाज में विवाद पैदा कर रही है। ऐसी साजिश BJP पिछले 10-11 साल से रच रही है। आपको बता दें कि कन्हैया कुमार को कांग्रेस ने बिहार भेजा है जहां वह पलायन रोको नौकरी दो नारो के साथ पदयात्रा कर रहे हैं। खेड़ा ने कहा कि जिस बिहार ने पूरे देश को दिशा दिखाई, आज उस बिहार का नौजवान संघर्ष कर रहा है- ये उसके साथ बड़ा अन्याय है।

## सौरभ हत्याकांड की जांच के लिए मेडिकल स्टोर पहुंचे ड्रग इंस्पेक्टर, खंगाले रिकॉर्ड



मेरठ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मेरठ में सौरभ हत्याकांड मामले को लेकर रविवार को उस मेडिकल स्टोर पर भी पूछताछ की गई है जहां से उनकी पत्नी मुस्कान ने नशीली दवाएं खरीदी थी। मेरठ के ऊषा मेडिकल स्टोर पर ड्रग इंस्पेक्टर और उनकी टीम ने छापेमारी की है। ड्रग्स इंस्पेक्टर पीयूष शर्मा ने बताया कि वह मुस्कान वाले प्रकरण की जांच के लिए आए हैं।

जांच के दौरान पता चला है कि हत्या की आरोपी मुस्कान ने कुछ दवाएं ऊषा मेडिकल स्टोर से ली थीं। उसी की जांच के लिए छापेमारी की गई।

पीयूष शर्मा ने बताया कि इस बात की जांच की जा रही है कि मुस्कान ने किस तरह की दवाएं खरीदी थीं। ये दवाएं डॉक्टर द्वारा लिखी गई थीं या ओवर द काउंटर दी गई थीं। मिडजोलम इंजेक्शन के बारे में बताया गया है कि वह डॉक्टर का पर्चा लेकर आई थी। अभी एक सप्ताह के नहीं, पिछले डेढ़-दो साल के रिकॉर्ड देखे जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि अगर बिना पर्चे के किसी मेडिकल स्टोर ने दवा दी है तो इतना जघन्य अपराध हुआ है कि आप भी उसमें शामिल माने जाएंगे और मुकदमा भी होगा। इसके अलावा, मेडिकल स्टोर का लाइसेंस जरूर रद्द किया जाएगा। नशे की दवा कोई नहीं बेच सकता है। यहां तक बेहोशी की दवा भी केवल अस्पताल में होती है। एंटी डिप्रेशन की दवा देते समय मेडिकल स्टोर को रिकॉर्ड रखना होता है।

टीम में दो ड्रग इंस्पेक्टर और अन्य कर्मचारी थे जिन्होंने सभी प्रकार के रिकॉर्ड और कंप्यूटरों की जांच की। मेडिकल स्टोर संचालक अमित जोशी ने बताया कि मुस्कान यहां कब और क्या दवा खरीद कर ले गई, यह बता पाना मुश्किल है क्योंकि यह बहुत दिन पुरानी की बात हो गई है। उन्हें पुलिस से पता चला कि वह यहां से दवा ले गई है। मोबाइल पर पर्चा दिखाकर वह दवा ले गई है, लेकिन क्या-क्या दवा ले गई, यह बता पाना बहुत कठिन है। डॉक्टर का पर्चा था। उसके बिना स्टोर पर दवा नहीं दी जाती है।

उन्होंने कहा कि वह विभाग की जांच में पूरा सहयोग कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि बीते दिनों सौरभ की पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी थी और उसके शव के टुकड़े कर ड्रम में डालकर ऊपर से सीमेंट से चुनाई कर दी थी। दोनों अभियुक्त जेल में बंद हैं।

## युवक ने एक ही दिन में रचाई दो शादियां, पहले प्रेमिका से कोर्ट मैरिज; रात में घरवालों की पसंद से की शादी



गोरखपुर, (आरएनएस)। गोरखपुर में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक युवक ने एक ही दिन में दो शादियां कर लीं। युवक ने पहले अपनी प्रेमिका के साथ कोर्ट मैरिज की और फिर उसी रात अपने घरवालों की मर्जी से दूसरी युवती से विवाह कर लिया। बाद में युवक ने अपनी प्रेमिका से किनारा कर लिया, जिसके बाद प्रेमिका ने धोखा देने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत मिलने पर एसपी नॉर्थ ने स्थानीय पुलिस को जांच कर दो दिन में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

जानकारी के अनुसार, हरपुर बुदहट इलाके की रहने वाली एक युवती का उसी गांव के एक युवक के साथ प्रेम संबंध था। करीब चार साल तक चले इस रिश्ते के बाद दोनों ने एक मंदिर में शादी कर ली थी और लिव-इन में रहने लगे थे। हालांकि, युवक के घरवालों को इस रिश्ते की जानकारी नहीं थी। इस बीच, युवक के परिवार वालों ने उसकी शादी कहीं और तय कर दी। जब युवक को इस बारे में पता चला, तो उसने अपनी प्रेमिका को बताया कि उस पर घरवालों का दबाव है।

प्रेमिका को जब युवक की दूसरी शादी की तारीख पता चली, तो युवक ने उसे झांसे में लेते हुए कहा कि वे शादी से पहले कोर्ट मैरिज कर लेंगे, ताकि घरवालों पर उनके रिश्ते को स्वीकार करने का दबाव बन सके। घरवालों ने जिस दिन युवक की शादी तय की थी, उसी दिन सुबह युवक ने अपनी प्रेमिका से कोर्ट मैरिज कर ली। इसके बाद युवक अपनी प्रेमिका के घर से यह कहकर निकला कि वह अपने घरवालों को मनाने जा रहा है, लेकिन शाम को वह दूसरी युवती से शादी करने पहुंच गया।

करीब 15 दिनों तक जब युवक ने अपनी प्रेमिका से कोई संपर्क नहीं किया, तो वह पता करते हुए उसके घर पहुंच गई, जहां उसे युवक की दूसरी शादी के बारे में पता चला। इसके बाद युवती ने युवक और उसके परिवार वालों पर धोखा देने का आरोप लगाया।युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे दोनों लिव-इन में थे और इस दौरान उसने दो बार गर्भपात भी कराया। उसने यह भी आरोप लगाया कि तारामंडल स्थित एक नर्सिंग होम में उसने एक बच्चे को जन्म दिया था, जिसे युवक ने नर्स को दे दिया। पूछने पर युवक ने कहा था कि वे अकेले रहते हैं और बच्चा थोड़ा बड़ा होने पर उसे वापस ले आएंगे। युवती का कहना है कि उसे नहीं पता कि उसका बच्चा कहां है।

प्रेमिका की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए एसपी नॉर्थ ने स्थानीय पुलिस को मामले की जांच करने और दो दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है। पुलिस अब इस मामले की पड़ताल कर रही है।

## जम्मू-कश्मीर : उमर अब्दुल्ला बोले- हालात पर नजर, आतंक का खात्मा सबके साथ से ही मुमकिन

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने घाटी के हालात पर चिंता जताते हुए कहा कि इलाके में आतंकवाद को खत्म करने के लिए सबको साथ मिलकर काम करना होगा। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कठुआ, बिलावर, राजौरी और पुंछ जैसे इलाकों में बढ़ती घटनाओं का जिक्र किया। उमर अब्दुल्ला ने कहा, जम्मू के कई इलाके, जैसे कठुआ और बिलावर, निशाने पर हैं। यह



सिर्फ इन जगहों तक सीमित नहीं है। राजौरी और पुंछ में भी ऐसी घटनाएं हो रही हैं। कुछ लोग बीच-बीच में कोठियां बनाकर सरहद के पास आए हो सकते हैं। लेकिन, अभी कुछ पक्का कहना जल्दी होगी। पहले देखना होगा कि वहां कोई मिलता है या नहीं।

उन्होंने बताया कि कठुआ के हालात अब ठीक हैं। लेकिन, जम्मू बेल्ट को लगातार टारगेट किया जा रहा है। उन्होंने आतंकवाद पर कहा, यह हमारी सीधी जिम्मेदारी नहीं है। लेकिन, मैं बार-बार कहता हूं कि बिना लोगों का साथ लिए आतंक का खात्मा मुमकिन नहीं। चुनी हुई सरकार कोशिश कर रही है कि हालात काबू में रहें और जम्मू-कश्मीर में अमन बना रहे।




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य के साथ लखनऊ के लोक भवन में अपनी सरकार के आठ साल पूरे होने के अवसर पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान।

# जब बिग बी ने बताई थी 'दंगल' में आमिर खान के अभिनय की खामी



मुंबई । बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान ने स्पोर्ट्स बायोपिक 'दंगल' में अपने अभिनय की एक बड़ी और एकमात्र खामी का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि यह खामी अमिताभ बच्चन ने उन्हें बताई थी। आमिर खान हाल ही में मुंबई में रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल में अपनी पहली फिल्म 'कयामत से कयामत तक' की स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल हुए।इवेंट के दौरान सुपरस्टार ने अपनी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म 'दंगल' के बारे में बात की और बताया कि वह इसे अपनी सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक मानते हैं। हालांकि, अभिनेता अपनी गलती स्वीकार करते हुए खुद की आलोचना करने से पीछे नहीं हटे।उन्होंने कहा कि 'दंगल' के शुरुआती दृश्यों में से एक में उनका किरदार, युवा महावीर सिंह फोगाट मैच में अपनी जीत का जश्न मनाते हुए हां कहता है।अभिनेता ने याद किया कि बिग बी ने भी यही बात कही थी और उनसे कहा था कि इस खास हाव-भाव ने आमिर को महावीर के किरदार से बाहर कर दिया, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र से होने के कारण वह कभी भी हां नहीं कह सकते थे।आमिर ने कहा कि उन्हें इसका पछतावा है और अंतिम संपादन में उस हिस्से को हटाने का कोई तरीका नहीं था क्योंकि इससे पूरी फिल्म प्रभावित होगी। आमिर जिस बात को समझाने की कोशिश कर रहे थे, वह यह थी कि कभी भी एक आदर्श प्रदर्शन नहीं हो सकता क्योंकि मानव स्वभाव को देखते हुए कुछ गलतियां होना तय है।इससे पहले, मुंबई के बांद्रा इलाके में एक फाइव स्टार होटल में अपने 60वें जन्मदिन से पहले आमिर अपनी खास दोस्त गौरी को मीडिया से मिलवाते नजर आए थे, जिससे मीडिया हैरान रह गया था। यह सुपरस्टार और निर्माता-निर्देशक किरण राव के तलाक के 16 साल बाद हुआ है। दिलचस्प बात यह है कि बॉलीवुड सुपरस्टार की किरण से मुलाकात ऑस्कर के लिए नामांकित फिल्म लगान के सेट पर हुई थी, जिसमें उन्होंने अपनी पहली पत्नी रीना के साथ पैसे लगाए थे, जो उस फिल्म की एग्जिक्युटिव प्रोड्यूसर भी थीं।

# राज कुंद्रा ने अपनी पंजाबी फिल्म मेहर की शूटिंग पूरी की, कलाकारों के साथ मनाया जश्न



राज कुंद्रा पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में अपने पहले प्रोजेक्ट 'मेहर' के साथ कदम रख रहे हैं। उन्होंने पहले ही मोहाली में इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने की घोषणा की थी, और अब मात्र तीस दिनों में उन्होंने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। शूटिंग खत्म करने के बाद राज कुंद्रा ने पूरी कास्ट के साथ जश्न मनाया और इस खास पल को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया।

राज कुंद्रा ने फिल्म की कास्ट के साथ एक वीडियो साझा किया, जिसमें सभी शूटिंग पूरी होने का जश्न मना रहे हैं। वीडियो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, यह खत्म हुआ! मेहर पर 30 दिनों की कड़ी मेहनत, जुनून और अविस्मरणीय यादें! पूरी टीम को इस शानदार सफर के लिए बधाई। अब इंतजार नहीं हो रहा कि आप सभी 5 सितंबर 2025 को सिनेमाघरों में इस जादू को देखें

मशहूर पंजाबी फिल्म निर्माता राकेश मेहता द्वारा निर्देशित इस फिल्म में राज कुंद्रा एक अनोखे किरदार में नजर आएंगे। मेहर, जो प्यार, दोस्ती और जिंदगी की कहानी को दर्शाती है, इसमें गीता बसरा, मास्टर अगमवीर सिंह, बनिंदर बन्नी, सविता भट्टी, रुपिंदर रूपी, दीप मंदीप, आशीष दुग्गल, हॉबी धालीवाल, तरसेम पॉल और कुलवीर सोनी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म डीबी डिजिटेनमेंट और रघु खन्ना द्वारा प्रस्तुत की गई है, जबकि दिव्या भटनागर और रघु खन्ना इसके निर्माता हैं। फिल्म के सिनेमैटोग्राफर आशुदीप शर्मा हैं।

'मेहर' 5 सितंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा, राज कुंद्रा की झोली में दो और पंजाबी फिल्में भी हैं! हालांकि, इन फिल्मों के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन राज कुंद्रा एक्शन, ड्रामा और कॉमेडी जैसी विभिन्न शैलियों में अपनी प्रतिभा दिखाने वाले हैं, जिससे सिनेमा प्रेमियों के लिए ढेर सारा मनोरंजन आने वाला है।

# उर्वशी रौतेला ने अनाथ लड़कियों की शादी में बांटी जलेबी, सोशल मीडिया पर बटोरी तारीफ




मुंबई । अभिनेत्री उर्वशी रौतेला अपने व्यस्त शेड्यूल से समय निकालकर अनाथ लड़कियों की शादी कराने के एक कार्यक्रम में शामिल हुईं, जहां वह जलेबी बांटती कैमरे में कैद हुईं।मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में 251 वंचित अनाथ लड़कियों की शादी का आयोजन किया गया। समारोह में उर्वशी ने शिरकत की और वहां उपस्थित लोगों को मिठाई बांटी।उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह सभी को जलेबी परोसती दिखाई दीं। डाकू महाराज की अभिनेत्री हरे रंग के एथनिक परिधान के साथ मैचिंग इयररिंग्स पहने बेहद खूबसूरत दिखीं।इंस्टाग्राम पर वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, भगवान आपके सभी सपने पूरे करें और हर पल को खुशियों से भर दें।

वीडियो के बैकग्राउंड में उर्वशी ने ऋतिक रोशन-प्रियंका चोपड़ा स्टारर 'अग्निपथ' के गाने 'अभी मुझ में कहीं' को भी जोड़ा।उर्वशी का लेटेस्ट वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहा है, जिसमें सोशल मीडिया यूजर्स उनके व्यवहार और प्यार के लिए खूब तारीफ करते नजर आए।वर्कफ्रंट की बात करें तो उर्वशी अपनी हालिया रिलीज 'डाकू महाराज' की सफलता से गदगद हैं। उर्वशी वर्तमान में बहुप्रतीक्षित सीक्वल 'वेलकम 3' की शूटिंग में व्यस्त हैं।अहमद खान के निर्देशन में बनी इस प्रोजेक्ट में अक्षय कुमार, रवीना टंडन, दिशा पटानी, सुनील शेट्टी, लारा दत्ता, बॉबी देओल, जैकलीन फर्नांडीज, परेश रावल, अरशद वारसी, राजपाल यादव, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं।

# मेगास्टार अनिल कपूर के अविस्मरणीय अभिनय के साथ 'लम्हे' बड़े पर्दे पर फिर से लौट रहा है

**सिनेमा प्रेमियों के लिए यह एक खास तोहफा है, क्योंकि मेगास्टार अनिल कपूर और श्रीदेवी अभिनीत प्रतिष्ठित रोमांटिक ड्रामा 'लम्हे' 21 मार्च 2025 को बड़े पर्दे पर भव्य वापसी कर रहा है। अपने समय से आगे की इस फिल्म को बॉलीवुड की सबसे बेहतरीन कृतियों में गिना जाता है, और इसकी फिर से रिलीज़ इसे नई पीढ़ी से परिचित कराने का सुनहरा मौका है।**




यश चोपड़ा द्वारा निर्देशित, 1991 की यह फिल्म प्रेम, लालसा और भाग्य को एक ऐसे साहसिक और अविस्मरणीय अंदाज़ में प्रस्तुत करती है, जो आज भी दर्शकों को भावनाओं के गहरे सागर में डुबो देता है। इस फ़िल्म के केंद्र में अनिल कपूर का शानदार अभिनय था, जिसमें उन्होंने वीरेन की भूमिका निभाई थी - एक ऐसा व्यक्ति जो अतीत और वर्तमान के बीच फंसा हुआ है और एक अपरंपरागत प्रेम कहानी को आगे बढ़ा रहा है। उनका भावनाओं से भरपूर यह किरदार दर्शकों के दिलों में गहरी छाप छोड़ गया था और उनके करियर की सबसे सराही गई भूमिकाओं में से एक बन गया।

सोशल मीडिया पर इस खबर को साझा करते हुए, अनिल कपूर ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए लिखा- तब भी टाइमलेस था, अब भी टाइमलेस है! 21 मार्च से बड़े पर्दे पर सलम्हे देखें! जब 1991 में लम्हे पहली बार सिनेमाघरों में आई थी, तो इसकी बोल्ड कहानी ने चर्चाओं को जन्म दिया था, लेकिन पिछले कुछ सालों में इसने भारतीय सिनेमा की बेहतरीन फिल्मों में से एक के रूप में अपनी जगह बनाई है। इसके दोबारा रिलीज होने के साथ, आज के दर्शकों को सिल्वर स्क्रीन पर एक बार फिर अनिल कपूर के सदाबहार अभिनय का अनुभव करने का मौका मिलेगा।

इस पुन: रिलीज़ के साथ-साथ अनिल कपूर एक और रोमांचक प्रोजेक्ट के लिए भी तैयार हैं। हर दौर में दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के बाद, अब वह सुरेश त्रिवेणी निर्देशित 'सुबेदार' में एक दमदार किरदार के साथ लौट रहे हैं। हाल ही में रिलीज़ हुए टीज़र ने पहले ही काफी हलचल मचा दी है, जिसमें अनिल कपूर के एक शक्तिशाली और गंभीर अवतार की झलक देखने को मिली है। लम्हे की सिनेमाघरों में वापसी और सुबेदार की आगामी रिलीज़ के साथ, अनिल कपूर एक बार फिर यह साबित कर रहे हैं कि क्यों वह इंडस्ट्री के सबसे गतिशील और चिरस्थायी मेगास्टार बने हुए हैं।

# सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी चमकती त्वचा का राज बताया

सोनाक्षी सिन्हा उन अभिनेत्रियों में से एक हैं जो सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अपने फैंस के लिए आए दिन मजेदार वीडियो शेयर करती रहती हैं। सोनाक्षी सिन्हा ने अपने पति जहीर इकबाल के साथ एक और मजेदार वीडियो शेयर किया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी चमकती त्वचा का राज बताया है। सोनाक्षी के वीडियो पर अब फैंस के कमेंट भी आ रहे हैं।

क्लिप की शुरुआत सोनाक्षी की स्किनकेयर से होती है। इसके बाद उनके पति जहीर पीछे से आते हैं और अपनी पत्नी को डरा देते हैं। इस दौरान, सोनाक्षी की इस अनोखी प्रतिक्रिया से जहीर जोर से हंसते हैं।

सोनाक्षी ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, मेरी चमकती त्वचा का राज।

इससे पहले सोनाक्षी ने इस साल पति जहीर के बिना होली मनाई थी। खूबसूरत अभिनेत्री ने अपनी अगली फिल्म जटाधारा के सेट पर होली मनाई। त्योहार की एक झलक दिखाते हुए, उन्होंने इंस्टाग्राम पर कुछ मजेदार तस्वीरें साझा



कीं। सफेद सलवार कमीज में पोज देते हुए, सोनाक्षी होली के रंगों को दिखाती नजर आईं।

उन्होंने लिखा, होली है, रंग बरसाओ, खुशियां मनाओ। हैप्पी होली मेरे दोस्तों।

सोनाक्षी ने बताया कि वह अपने काम के कारण जहीर से दूर होली मना रही हैं।

जटाधारा के निर्माताओं ने 8 मार्च को महिला दिवस पर फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया।

तस्वीर में हीरामंडी अभिनेत्री अपने पारंपरिक आभूषणों को दिखाती नजर आ रही हैं, जिसमें एक सुनहरा हेडपीस, चूड़ियां और अंगूठियां शामिल हैं।

सोनाक्षी की पहली तेलुगु फिल्म जटाधारा में मुख्य भूमिका में सुधीर बाबू होंगे। वेंकट कल्याण द्वारा निर्देशित इस फिल्म में शिल्पा शिरोडकर, रेन अंजलि और दिव्या विज मुख्य भूमिकाओं में होंगी।

इसके अलावा, सोनाक्षी आगामी प्रोजेक्ट तू है मेरी किरण में जहीर के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी। करण रावल और संजना मल्होत्रा द्वारा निर्देशित, यह फिल्म 2022 की हंसी की सवारी डबल एक्सएल के बाद उनकी दूसरी ऑन-स्क्रीन जोड़ी है।

उनकी सूची में निकिता रॉय एंड द बुक ऑफ डार्कनेस भी शामिल है।

# सोहा ने बिल गेट्स से अपनी पुस्तक 'सोर्स कोड' पर लिया ऑटोग्राफ



हाल ही में अमेरिकी बिजनेसमैन और परोपकारी बिल गेट्स के साथ बॉलीवुड एक्ट्रेस सोहा अली खान ने एक खास मुलाकात की। इस दौरान सारा ने उनकी किताब सोर्स कोड पर ऑटोग्राफ भी लिया।एक्ट्रेस ने अपनी इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं और गेट्स की सोच और सकारात्मकता की तारीफ की। सोहा ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा, यह मानना कि दुनिया बदतर होती जा रही है, कि हम अत्यधिक गरीबी और बीमारी का समाधान नहीं कर सकते, सिर्फ गलत नहीं है, बल्कि यह हानिकारक भी है। किसी समझदार, धनी, उदार, समाधान-उन्मुख और सबसे महत्वपूर्ण रूप से आशावादी व्यक्ति से मिलकर और उनकी पुस्तक पर हस्ताक्षर प्राप्त कर बहुत खुशी हुई!। इस बीच, सोहा अली खान अपनी फिटनेस को लेकर भी सुर्खियों में बनी हुई हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर हाई-इंटेंसिटी वर्कआउट का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह पुश-अप्स, जंपिंग जैक, एब क्रंच, वन-लेग लंज और ट्रेडमिल रनिंग करती नजर आईं।उन्होंने इस पोस्ट के साथ कैप्शन दिया, सप्ताह भर जोर लगाते हुए... वर्कआउट वेडनसडे, जिससे उनके प्रशंसकों को फिटनेस के प्रति प्रेरणा मिली। वहीं, अगर उनके वर्कफ्रंट की बात करें, तो सोहा जल्द ही छोरी 2 में नजर आएंगी। यह फिल्म 2021 में आई हॉरर-ड्रामा 'छोरी' का सीक्वल है, जिसमें नुसरत भरूचा मुख्य भूमिका में थीं। विशाल फुरिया के निर्देशन में बनी इस फिल्म का निर्माण टी-सीरीज, क्रिप्ट टीवी और अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है। इस फिल्म में मीता वशिष्ठ, पल्लवी अजय, यानि भारद्वाज, राजेश जैस और सौरभ गोयल भी अपनी पिछली भूमिकाएं दोहराते नजर आएंगे।फैंस जहां सोहा की इस खास मुलाकात को लेकर उत्साहित हैं, वहीं उनकी आगामी फिल्म 'छोरी 2' को लेकर भी काफी उत्सुकता बनी हुई है।गौरतलब है कि बिल गेट्स तीन साल में तीसरी बार भारत आए हैं और इस दौरान वह राजनीतिक और सामाजिक रूप से प्रभावशाली हस्तियों से मुलाकात कर रहे हैं।

# एक्सक्लूसिव : करण कुंद्रा ने तेजस्वी प्रकाश संग शादी पर की खुलकर बात, बताया क्या है प्लान



मुंबई । अभिनेता करण कुंद्रा ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से खुलकर बात की। बातचीत के दौरान तेजस्वी प्रकाश के साथ अपनी शादी को लेकर उन्होंने कई जानकारी भी शेयर किए।

जब उनसे उनकी शादी के मेन्यू के बारे में पूछा गया, तो करण ने खाने के प्रति अपने प्यार को जाहिर करते हुए कहा, मैं खाने का बड़ा शौकीन हूं। लेकिन जब शादी के खाने की बात आती है, तो मैं इसे पेशेवरों पर छोड़ना पसंद करूंगा।

एक पुराने वीडियो का जिक्र करते हुए करण ने शादी की क्या योजना है इस पर मजाकिया अंदाज में बताया, मुझे लगता है कि वह एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) था।

उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि जब समय आएगा, तो मैं इसके बारे में सोचना शुरू कर दूंगा। मैं यह भी विचार करूंगा कि शादी का आयोजन बड़े या फिर छोटे पैमाने पर होगा।

करण ने बताया कि तेजस्वी अक्सर उनके लिए खाना बनाती हैं और यह उनके लिए खास है। उन्होंने कहा, तेजस्वी मेरे लिए खाना बनाती है और यह मेरे लिए बेहद खास है।

उन्होंने तेजस्वी की पाक कला की प्रशंसा करते हुए बताया कि तेजस्वी को रसोई में प्रयोग करना कितना पसंद है। उन्होंने बताया, कल भी उसने कुछ प्रयोग किया और मैंने उसे खाया, मुझे उनका बनाया खाना बहुत पसंद आया।

करण और तेजस्वी जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं, जैसा कि तेजस्वी की मां ने हाल ही में 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' के एक एपिसोड में पुष्टि की थी। जब फराह खान ने तेजस्वी की मां से पूछा, दोनों की शादी कब होगी? तो उन्होंने उत्साह से जवाब दिया, इसी साल शादी हो जाएगी।

मां की इस घोषणा से तेजस्वी शर्म से लाल हो गईं और शर्माते हुए बोलीं ऐसी कोई बात नहीं है।

भले ही तेजस्वी ने इनकार किया हो लेकिन हाल ही में तेजस्वी ने शादी को लेकर एक बड़ी बात कही थी। उन्होंने कहा, मैं इस पर ज्यादा ध्यान नहीं देती। मुझे सामान्य कोर्ट मैरिज से कोई दिक्कत नहीं है। हम लोग फिर घूमेंगे, फिरेंगे, ऐश करेंगे।

बता दें, करण और तेजस्वी की मुलाकात 'बिग बॉस 15' में हुई थी। इसके बाद दोनों में दोस्ती हुई और वह प्यार में बदल गया। रियलिटी शो के क्रिसमस स्पेशल वीकेंड का वार एपिसोड के दौरान, करण ने तेजस्वी प्रकाश को लाल गुलाब देकर प्रपोज किया था।

# बॉलीवुड की नायिकाओं को मिल रही साउथ इंडस्ट्री में भारी फीस



मुंबई । बॉलीवुड की नायिकाओं को साउथ इंडस्ट्री में बड़े बजट की फिल्मों में काम करने के लिए भारी भरकम फीस दी जा रही है। 'एनिमल' में खलनायक की भूमिका निभाने के बाद बॉबी देओल दक्षिण भारत में काफी लोकप्रिय हो गए हैं!

बॉबी अब लगातार साउथ की फिल्मों में नजर आ रहे हैं। उनकी अगली फिल्म 'सनी जाट' का निर्माण और निर्देशन भी दक्षिण भारतीय फिल्मकारों द्वारा किया जा रहा है। इसी तरह, साउथ फिल्म निर्माता बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस को भी आकर्षक ऑफर्स दे रहे हैं। हाल ही में खबर आई थी कि एसएस राजामौली द्वारा निर्देशित महेश बाबू की फिल्म स्स्स्ब्29 के लिए प्रियंका चोपड़ा को 30 करोड़ रुपये की भारी फीस दी गई है। ऐसा माना जा रहा है कि प्रियंका इस फिल्म में विलेन का किरदार निभा रही हैं, और यह एक पैन-वर्ल्ड प्रोजेक्ट है, जिसका बजट 1000 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। अब इसी तरह की खबरें कियारा आडवाणी को लेकर भी आ रही हैं।कियारा, जो पहले ही बॉलीवुड में कई हिट फिल्में दे चुकी हैं, अब साउथ के सुपरस्टार यश की फिल्म 'टॉक्सिक' के लिए साइन की गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म के लिए उन्हें 15 करोड़ रुपये की फीस दी जा रही है। हालांकि, इस खबर की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन अगर यह सही साबित होती है, तो कियारा भी बॉलीवुड की सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में शामिल हो जाएंगी। गौरतलब है कि कियारा आडवाणी की पिछली फिल्म 'गेम चेंजर' बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। इसके बावजूद, उनकी स्टार पावर बरकरार है। मां बनने की खबर के बाद उन्होंने फरहान अख्तर की 'डॉन 3' छोड़ दी थी, लेकिन फिर भी बड़े बजट की फिल्मों में उनकी मांग बनी हुई है। इसके अलावा, कियारा 'वॉर 2' में भी नजर आएंगी, जिसमें उनके साथ ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर हैं। ऐसे में 2025 कियारा के लिए करियर का बड़ा साल साबित हो सकता है। वहीं, दीपिका पादुकोण ने 'कल्कि 2898 एडी' के लिए 20 करोड़ रुपये की फीस ली थी, और अब कियारा भी इसी लिस्ट में शामिल हो सकती हैं।

# जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : कलेक्टर श्री बालागुरु के.

## टीबी उन्मूलन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सरपंच कों कलेक्टर ने किया सम्मानित



### जिले की 170 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त
### 24 मार्च को मनाया जाता विश्व क्षय दिवस

सीहोर (निप्र)। विश्व क्षय दिवस के अवसर पर जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर बालागुरु के. की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरु के ने कहा कि जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए सरकार और समाज सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि टीबी से बचाव, आधुनिक जांच एवं उपचार के बारे में लोगों को जागरूक कर टीबी को पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है। विश्व टीबी दिवस के अवसर पर कलेक्टर बालागुरु के ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायत के सरपंच को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। बैठक में पीपीटी के माध्यम से जिले मे संचालित क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के मापदंडों उपलब्धियों एवं गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिले की ग्राम पंचायतो मे टीबी रोग से बचाव तथा आधुनिक जांच एवं उपचार के लिए सर्वे आयोजित कराया गया। सर्वे में जिले की 170 ग्राम पंचायतें टीबी रोग से मुक्त पाई गई। इसी प्रकार 07 दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक जिले में 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान चलाया गया। जिसके तहत ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर टीबी के मरीजों की स्क्रीनिंग एवं चिन्हांकन किया गया तथा उपचार प्रदान किया गया। इसके साथ ही चलित एक्सरे वेन एवं टूनॉट मशीन द्वारा एक्सरे जांच की गई। इस अभियान के दौरान संभावित जोखिम वाले 2,29,472 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई एवं 35,226 एक्सरे तथा जांच की गई। इस दौरान 461 व्यक्ति पॉजिटिव पाए जिन्हें उपचार के लिए पंजीकृत किया गया। अभियान के दौरान जन सहयोग के माध्यम से टीबी के मरीजों को पोषण आहार सामग्री की 547 किट वितरित की गईं।

### माहेश्वरी महिला मंडल के तत्वाधान में गणगौर पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

सीहोर (निप्र)। हर साल की तरह इस साल भी माहेश्वरी महिला मंडल सीहोर द्वारा गणगौर पर्व मनाया जा रहा है। गणगौर को लेकर महिलाओं का सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भजन का आयोजन किया गया माहेश्वरी महिला मंडल के अध्यक्ष आभा कासट ने बताया कि कार्यक्रम में समाज की बड़ी संख्या में महिलाओं उपस्थित थी प्रारंभ में ईश्वर गणगौर ईसर जी झाले दिए एवं महिलाओं ने गणगौर पर्व के गीत भजन गाये. आयोजन को सफल बनाने में महिला मंडल के समस्त पदाधिकारी का सहयोग रहा अंत में से भोज का आयोजन भी किया गया. श्रीमती कासट ने बताया की आगामी 1 अप्रैल को माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा गणगौर पर्व का चल समारोह निकाला जाएगा जिसमें शहर के सभी समाजों की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगी कार्यक्रम के अंत में आभार सचिव हर्षा हुरकट ने व्यक्त किया।

# नल जल योजना का पानी नहीं मिल पा रहा है ग्रामीणों को



लाडकुई (संजय कलमोर )। गर्मी का मौसम आते ही जलस्तर गिरने से पानी का संकट गहराने लगता है। वही शासन द्वारा चलाई जा रही नल-जल योजना के तहत भी ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है। जिसके चलते ग्रामीणों द्वारा की गई, शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं होने से अब ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। मामला भैरुंदा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लाड़कुई का है। जहां पर नल-जल योजना के तहत ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है। गर्मी के मौसम में पीने के पानी के संकट से रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लाड़कुई बस स्टैंड मुख्य मार्ग का निर्माण कार्य प्रगति पर है। ठेकेदार द्वारा रोड की खुदाई के दौरान नल-जल योजना द्वारा डाली गई पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। जिससे पानी की समस्या गहरा गई है। जिसको लेकर ग्रामीणों द्वारा ब्लॉक स्तर के अधिकारियों के साथ सरपंच-सचिव व नल-जल योजना के अधिकारियों को भी अवगत कराया गया। लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। जिसके चलते ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है।शिकायत के बाद भी समस्य जस की तस -मुकेश साहू, कमलेश मालपानी के साथ कई ग्रामीणो का कहना है कि लगभग एक माह का समय हो गया है, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पानी नही मिलने की शिकायत सीएम हैल्पलाइन 181, ग्राम पंचायत व नल-जल योजना के अधिकारियो को भी की गई, लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है। वही मंगलवार को जनसुनवाई मे सीहोर कलेक्टर को आवेदन देने की बात की जा रही है।

# आज मनाई जाएगी मां कर्माबाई जयंती

**हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा मां कर्माबाई जयंती महोत्सव, भव्यता के साथ निकलेगी मां कर्मा देवी की शोभायात्रा**

सीहोर (निप्र)। हर साल तरह इस साल भी आस्था और उत्साह के साथ साहू समाज की आराध्य मां कर्मा जयंती मनाई जाएगी। साहू समाज के अध्यक्ष जितेंद्र साहू एवं महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी साहू ने बताया कि साहू समाज की आराध्य मां कर्माबाई की जयंती महोत्सव आज मंगलवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।कार्यक्रम में विशेष अतिथिगण महंत हरी रामदास महाराज हंसदास मठ सीहोर एवं महंत महेश दास महाराज श्री राधेश्याम मंदिर मंडी,सीहोर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी अखलेश राय, विधायक सुदेश राय, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर,वरिष्ठ भाजपा नेता सन्नी महाजन, वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती नमिता अखलेश राय, समाजसेवी श्रीमती अरुणा सुदेश राय सहित गणमान्य नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न होगा। चल समारोह अध्यक्ष धर्मेश साहू एवं महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती विमलेश साहू ने बताया कि आज दोपहर 3 बजे स्थानीय राधेश्याम मंदिर ग़ल्ला मंडी से शोभायात्रा प्रारंभ होगी,जो इंडस्ट्रियल एरिया, मंडी थाने के पीछे स्थित हनुमान मंदिर पहुंचेगी। वहां पर मां कर्माबाई की आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सहभोज के साथ आयोजन का समापन होगा। साहू समाज मीडिया प्रभारी धीरज साहू ने बताया कि इस मौके पर समाज के वरिष्ठ जनों, महानुभावों, मुख्य अतिथियों एवं समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। इस भव्य चल समारोह आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में नगरवासियों से उपस्थित होने की अपील की गई है। अपील करने वालों में प्रमुख रूप से रमेश चंद्र साहू, डॉ. सी.एल. साहू,गिरधर गोपाल साहू, धनराज साहू,रामदास साहू, रामबदन साहू, लक्ष्मीनारायण साहू मंडी,दिलीप साहू, मनोज साहू, संतोष साहू, अनूप साहू,जितेंद्र साहू,साहू समाज अध्यक्ष,लक्ष्मी साहू महिला मंडल अध्यक्ष,धर्मेश साहू चल समारोह अध्यक्ष, विमलेश साहू चल समारोह महिला मंडल अध्यक्ष,स्वपनिल साहू सचिव, नीरज साहू उपाध्यक्ष,राज साहू सह सचिव, धीरज साहू मीडिया प्रभारी, चेतन साहू कोषाध्यक्ष, निखिल साहू,सुनीता साहू महिला मंडल सचिव,कृष्णा साहू महिला मंडल उपाध्यक्ष,ऊषा साहू महिला मंडल कोषाध्यक्ष सहित समाज के सभी पदाधिकारी एवं वरिष्ठजन शामिल हैं।

### जन अभियान के रूप में किया जाएगा सीवन का उद्धार

सीहोर (निप्र)। सीवन नदी के सौंदर्यीकरण और इसके घाटों के निर्माण के लिए जन अभियान के रूप में सीवन का उद्धार किया जाएगा। इस अभियान में शहरवासियों के अलावा जनप्रतिनिधि, प्रशासन के आला अधिकारियों के अलावा समस्त कार्मचारियों के साथ जन सहयोग से काम करने योजना बनाई है। इसको लेकर गत दिनों सीवन नदी घाट से समिति के सदस्यों ने सीवन नदी का भ्रमण कर देखा था कि कहां पर क्या किया जा सकता है। इस दौरान नगर के जनप्रतिनिधि और प्रशासन के अधिकारिी भी थे। इस दौरान सीवन के सौंदर्यीरण और गहरीकरण आदि के बारे में चर्चा की गई थी।

# पेयजल संकट की सूचना मिलते ही तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करें सभी संबंधित अधिकारी- कलेक्टर

## सभी निर्माण विभाग ठेकेदारों से खनिज रॉयल्टी का भुगतान कराएं- कलेक्टर
## कलेक्टर ने काम नहीं करने वाले सीएचओ के विरूद्ध कार्यवाही के दिए निर्देश




सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने सीएम हेल्पलाइन, समय सीमा वाले विभागीय पत्रों और शासकीय गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों और निराकरण की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण और त्वरित निराकरण करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग प्रमुख सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में अपनी उच्च रैंक बनाए रखें। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहाँ भी पेयजल का संकट उत्पन्न हो वहां तत्काल पेयजल की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि आवश्कता पड़ने पर निजी बोर अधिग्रहित किए जायें। उन्होंने सभी एसडीएम तहसीलदार, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा पीएचई एवं जल निगम के अधिकारियों को अपने क्षेत्र में पेयजल की स्थिति की सतत सूचना लेने तथा आवश्यकतानुसार व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर बालागुरू ने मातृत्व वंदना योजना के लंबित प्रकरणों में शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए ताकि हितग्राहियों को जल्द योजना का लाभ मिल सके। कलेक्टर बालागुरू के ने फार्मर रजिस्ट्री के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को बताएं कि पीएम किसान एवं अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री आवश्यक है।

# भाजपा नगर मंडल के तत्वाधान में विधायक कप, आज खेले जाऐंगे दो मुकाबले

**स्कारपियन इलेवन ने टाइगर क्लब को 11 रन से हराया**

सीहोर (निप्र)। शहर के पीजी कालेज में भाजपा नगर मंडल के तत्वाधान में सीहोर विधायक कप का आयोजन किया जा रहा है। विधायक सुदेश राय के निर्देश पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में 30 से अधिक टीम शामिल है। सोमवार को एक मैच खेला गया था। जिसमें स्कारपियन ने टाइगर क्लब को 11 रन से हराया।

आयोजक जितेन्द्र यादव ने बताया कि भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष सुदीप प्रजापति सहित अन्य के सहयोग से शहर के भोपाल नाके के समीपस्थ पीजी कालेज के मैदान पर विधायक कप का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को हुए एक मुकाबले में स्कारपियन इलेवन ने शानदार जीत हासिल की। इस मैच में स्कारपियन के कप्तान प्रतीक खत्री ने ट्रास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था। निर्धारित आठ ओवर के इस मैच में स्कारपियन ने 5 विकेट के नुकसान पर 86 रन बनाए थे। इसमें पलाश ने 22 रन, प्रतकी ने 17 रन और कान्हा ने 14 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टाइगर इलेवन 11 रन से हार गई। मैच के अंतिम ओवर में जीत के लिए 16 रन चाहिए थे, लेकिन टाइगर इलेवन की टीम नहीं बना सकी। इस मैच में टाइगर इलेवन की ओर से विस्फोटक बल्लेबाज पियुष पाल ने 44 रन बनाए थे। वहीं स्कारपियन की ओर से गेंदबाजी करते हुए राजेश ने 2 विकेट के अलावा पंकज, तेज और हर्षित ने 1-1 विकेट हासिल किया। मंगलवार को दो मैच खेले जाऐंगे।

# बाबा वेयर हाउस में फांसी पर लटके पिता की मौत पर बेटे ने जताया संदेह

## भैरूंदा एसडीओपी दीपक कपूर को दिया ज्ञापन



भैरूंदा (भादाकुई)(संजय कलमोर )। मामला थाना भेरूंदा का पिता की आत्महत्या को लेकर बेटे ने एसडीओ पी ऑफिस जाकर दिया ज्ञापन बेटे ने कहा कि में निखिल महेरा पिता नर्वदाप्रसाद महेरा ग्राम भादाकुई का निवासी हूं मेरे पिताजी 4 साल से बाबा बेहरहाउस में चौकीदारी का काम करते थे रोज की तरह में और मेरे चाचा का लड़का नवीन महेरा साथ खाना देने के लिए गये जिस जगह पर पिताजी को टिफिन देते थे उस जगह पर मेरे पिता नहीं मिले उसके बाद पिताजी को वेहरहाउस में भी देखा नहीं मिले फिर मेरी नजर स्टोररूम में गई जो काफी समय से बंद था उसे मेने बहार से झांक कर देखा तो मेरे पिता फांसी पर लटके है उसके बाद हम दोनों गेट के पास गए जो की गेट बाहर से तार से बंधा हुआ था मेने पास के स्कूल के चौकीदार को बुलाया तीनो ने मिलकर गेट खोला और देखा कि मेरे पिताजी के शरीर पर सिर्फ चडडी बनियान थे और पुरा चेहरा रुमाल से बंधा हुआ था हम दोनों भाइयो ने मिलकर नीचे उतारा उसके बाद मेरे द्वारा घर वालो को फ़ोन करके सूचित किया निवेदन है के मेरे पिता एसा कदम नहीं उठा सकते उनकी कही ना कही हत्या हुई है साहब बाबा वेहरहाउस और कन्याशाला स्कूल के CCTV कैमरे की 16/03/2025 से 17/03/2025 तक जाँच की जाये और और मोबाइल (7024584436) की कॉल डीटेल्स लोकेशन की जाँच की जाये।

### ओरल हेल्थ की जांच एवं जागरुकता के लिए चलाया जा रहा है विशेष अभियान

**42 बच्चों एवं महिलाओं का किया गया मुख परीक्षण**

सीहोर (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व ओरल स्वास्थ्य दिवस के तहत ओरल हेल्थ की जांच एवं जागरूकता के लिए 20 मार्च से 30 मार्च तक 10 दिवसीय विशेष आभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थानों में आने वाले मरीजों की दांतों से संबंधित बीमारियों की जांच की जा रही है तथा उन्हें इस बीमारियों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही स्कूलों, कॉलेजों, आंगनबाड़ी, वृद्धाश्रम सहित विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित कर जांच की जा रही है तथा आमजन को दांतों की बीमारियों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। सिविल सर्जन डॉ प्रवीर गुप्ता ने बताया कि अभियान के अंतर्गत सीहोर स्थित 03 आंगनबाड़ी केंद्रों में कैंप आयोजित कर 42 बच्चों एवं महिलाओं का मुख परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान 10 बच्चों मैं डेंटल क्राइसिस पाई गई, जिन्हें जिला चिकित्सालय मे इलाज के लिए रेफर किया गया है।

# कुबेरेश्वरधाम में आज से आरंभ होगा निशुल्क रुद्राक्ष वितरण

**विठ्लेश सेवा समिति और प्रशासन ने की श्रद्धालुओं की व्यवस्था**

सीहोर (निप्र)। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में मंगलवार से कुबेरेश्वर धाम पर रुद्राक्ष का वितरण शुरू होने वाला है। यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी न हो इसके लिए 9 काउंटर बनाए गए हैं। कुबेरेश्वरधाम पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु आस्था के साथ आते है। सोमवार को भी बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने पूर्ण विधि-विधान से पूजा अर्चना की। विठलेश सेवा समिति के व्यवस्थापक समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा सहित अन्य ने वितरण स्थल की व्यवस्था का जायजा लिया। कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में 9 काउंटरों से क्रम अनुसार श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष का वितरण किया जाएगा। यहां पर आने वालों श्रद्धालुओं के ठहरने, निशुल्क भोजन के साथ ठंडाई की व्यवस्था रहेगी।



कुबेरेश्वर धाम समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कानून व शांति व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं के लिए पुलिस बल की ड्यूटी लगाई है। इसके अलावा समिति के द्वारा भी श्रद्धालुओं के लिए धूप से बचने के लिए शेड आदि की व्यवस्था की है। कुबेरेश्वर धाम पर पर्याप्त पार्किंग के लिए स्थान, वाहनों के आवागमन, बैरिकेटिंग, आने वाले श्रद्धालुओं की बैठक व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था के अलावा पेयजल, शौचालय सहित अन्य समुचित व्यवस्था की गई है।

# अश्वगंधा कैंपेन के तहत जागरुकता



सीहोर (निप्र)। जिले के आयुष विभाग ने श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ आयुर्वेद एवं सिद्धा स्टडीज कॉलेज में अश्वगंधा कैंपेन के तहत जागरूकता कार्यक्रम और सेमिनार आयोजित किया। इसमें अश्वगंधा के औषधीय गुण और इसके लाभों की जानकारी दी गई। किसानों को इसकी खेती की प्रक्रिया समझाई गई। कार्यक्रम में छात्रों और स्टाफ को अश्वगंधा के पौधे वितरित किए गए। कुलगुरु डॉ मुकेश तिवारी ने अश्वगंधा की विशेषताओं के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला आयुष अधिकारी डॉ. नरेंद्र सिंह लोधी ने अश्वगंधा के लाभ और विभाग द्वारा दी जाने वाली योजना के बारे बताया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. अरुण वानखेडे समेत अन्य अधिकारी, विशेषज्ञ, विद्यार्थी, और शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ ज्योति धाकड़ ने किया एवं अंत में सभी का आभार अंकित जोशी के द्वारा किया गया।

# भैरुंदा ब्लॉक के जनपद सीईओ ने दौरा कर जाने पंचायतों के हाल

## ग्राम वासियों की दरकार दुरुस्त हो इंतजाम, पंचायत हुकुमरानों की चल रही है हुकूमत ग्रामीणों के काम नहीं आ रहे पानी के टैंकर, अधिकांश हुए पंचर, इंजन भी फरार

भैरूंदा (संजय कलमोर )। तहसील भेरूंदा अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों को मिले पानी के टैंकर खराब स्थिति में खड़े हैं। लोगों की सुविधा के लिए ये पंचायतों को सौंपे गए थे। मनमाने उपयोग और रखरखाव नहीं होने से टैंकर ग्रामीणों के लिए अनुपयोगी साबित हो रहे हैं शिवराज सरकार ने लाखों रुपए लगाकर हर पंचायत को टैंकर और इंजन दिया गया था लेकिन अब टैंकर कहां है और इंजन कहां है पंचायत में यह आव्यवस्था देखी गई हैटैंकरों की सबसे अधिक जरूरत आग लगने की घटना के दौरान होती है, लेकिन ग्रामीण इमरजेंसी की स्थिति में भी टैंकरों की मदद नहीं ले पा रहे हैं। पंचायतों को विधायक निधि से लाखों रुपए खर्च कर टैंकर दिए गए थे। जरूरत पड़ने पर ग्रामीणों को टैंकरों के लिए यहां-वहां भटकना पड़ रहा है ग्रामीणों को वैवाहिक या अन्य कार्यक्रमों के लिए रुपए खर्च कर प्राइवेट टैंकर बुलाने पड़ रहे हैं। यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है। इसके बाद भी न ग्राम पंचायत, ना ही प्रशासन टैंकरों को दुरुस्त कर रहा है।

तहसील अंतर्गत गांवों में हर साल आग लगने की घटनाएं सामने आती हैं। कभी फसल तो कभी गृहस्थी की सामग्री का नुकसान होता है। ग्राम पंचायतों में खड़े पंक्चर और बिना इंजन के टैंकर मददगार साबित नहीं हो रहे हैं। पिछले साल लाडकुइ में एक घर में आग लगने की घटना हुई थी। समय पर मदद नहीं मिलने से ग्रामीणों की गृहस्थी की सामग्री जल गई थी।




कुछ पशु भी जल गए। यदि टैंकर सही होते तो आग पर समय से काबू पाया जा सकता था। नुकसान कम किया जा सकता था।

### कई टैंकरों में नहीं लगे इंजन, जो हैं वो खराब, 1 महीने से एक जगह खड़ा है

किसी पंचायत का टैंकर पंक्चर तो किसी पंचायत के टैंकर में इंजन नहीं है। टैंकर पंक्चर खड़े होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इंजन के अभाव में आग लगने की घटना के दौरान टैंकरों का उपयोग नहीं किया जा सकता है। साथ ही जिन टैंकरों में इंजन लगे हुए हैं, तो वो भी खराब हैं। इनका उपयोग भी नहीं हो सकता।

### कई पंचायतों ने लापरवाहीपूर्वक

निर्माण कार्यों के लिए टैंकर को महीनों से एक जगह पर खड़ा किया हुआ है। महीनों से सड़क किनारे पंक्चर खड़े हुए हैं, जिन्हें गांवों में भी नहीं पहुंचाया। आग लगने पर कभी-कभी फायर ब्रिगेड इछावर, रेहटी से बुलानी पड़ती है। आग लगने पर इछावर या रेहटी से बुलानी पड़ती है फायर ब्रिगेड तहसील मुख्यालय पर फायर ब्रिगेड की सुविधा तो है लेकिन तहसील अंतर्गत 102 ग्राम पंचायत आती हैं शहर या किसी गांव में आग लगने की घटना सामने आने पर भेरूंदा से फायर ब्रिगेड बुलानी पड़ती है। घटनास्थल पहुंचने में फायर ब्रिगेड को समय लग जाता है अगर रास्ते में बंद हो गई तो धक्का देने के लिए ग्रामीणों की सहायता से चालू करने में और समय लग जाता है ऐसे में नुकसान अधिक हो जाता है। कई बार तो सूचना देने के बाद भी फायर ब्रिगेड नहीं पहुंचती। तहसील मुख्यालय पर शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, थाना, कृषि उपज मंडी, वन परिक्षेत्र कार्यालय, बैंक होने के बाद भी फायर ब्रिगेड की सुविधा सुचारू रूप से सही नहीं है अब देखना है की जिम्मेदार अधिकारी टैंकरों के मामले में उच्च कदम उठा सकते हैं या नहीं या फिर पंचायत में गोलमाल भाई गोलमाल होता रहेगा।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com